वर्ष 73 ▸ अंक 236 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 25 मई, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

प्रकृति में गहराई से देखो,
तब तुम हर चीज को बेहतर
ढंग से समझ पाओगे।
– अल्बर्ट आइंस्टीन

# पारा 48° के पार: दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 89 भारत के

**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ, जेएनएन।** मई का अंतिम सप्ताह शुरू होते ही देश के बड़े हिस्से आग की तरह तपने लगे हैं। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। रविवार को दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में भारत के 89 शहर शामिल रहे। निजी मौसम एजेंसी एक्आई के अनुसार दोपहर 2 बजे उत्तर प्रदेश के 6 शहरों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। प्रयागराज देश का सबसे गर्म शहर रिकॉर्ड किया गया।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तराखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र के 48 शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 26 और 27 मई को गर्मी और बढ़ सकती है तथा कई इलाकों में भीषण हीटवेव की स्थिति बनेगी।


भीषण गर्मी का सबसे गंभीर असर तेलंगाना में देखने को मिला है, जहां हीटस्ट्रोक के कारण इस सीजन में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। कई जिलों में 26 मई तक हीटवेव अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

भीषण गर्मी के बीच उत्तराखंड से भी चिंताजनक तस्वीर सामने आई। चमोली जिले में बद्रीनाथ धाम के पास कंचन गंगा ग्लेशियर का एक हिस्सा टूट गया। कुबेर पर्वत की ओर से बर्फ और धूल का विशाल गुबार उठता दिखाई दिया, जिसके बाद पत्थर और मलबा नीचे गिरने लगा। हालांकि राहत की बात यह रही कि मलबा आबादी या सड़क तक नहीं पहुंचा। प्रशासन के अनुसार चारधाम यात्रा और बद्रीनाथ हाईवे पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

## आज और कल भी रहेगी भीषण गर्मी

*मौसम विभाग के अनुसार 25 और 26 मई को उत्तर भारत में भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा।*

- दिल्ली पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश और आंधी का अनुमान जताया गया है।
- 26 मई को हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।
- पश्चिम बंगाल और ओडिशा में उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी।
- दूसरी तरफ असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश और तूफान की चेतावनी दी गई है।




## राज्यों का हाल

**उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। बांदा में तापमान 46.2 डिग्री, प्रयागराज में 46 डिग्री, झांसी में 44.9 डिग्री और कानपुर में 44.2 डिग्री दर्ज किया गया।

**राजस्थान:** राजस्थान में एक तरफ पश्चिमी जिलों में हीटवेव तेज हो गई है, वहीं जयपुर, अलवर और टोंक में हल्की बारिश हुई। जैसलमेर में तापमान फिर 46 डिग्री के करीब पहुंच गया। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि तेज धूप से त्वचा जलने तक की स्थिति बन सकती है।

**बिहार:** बिहार के चार जिलों में हीटवेव और पांच जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

**हरियाणा:** 11 जिलों में गर्म हवाओं को लेकर चेतावनी दी गई है। रोहतक राज्य का सबसे गर्म शहर रहा।

**छत्तीसगढ़:** बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को राहत देने के लिए वाटर मिस्ट सिस्टम लगाया गया है, जिससे ठंडी फुहारें छोड़ी जा रही हैं।

**पहाड़ों की ओर बढ़ी भीड़:** मैदानी इलाकों की भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहाड़ी पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश के 44 जिलों में हीट वेव, 5 में रेड अलर्ट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में रविवार को 44 जिलों में लू यानी हीट वेव रही। इसमें 5 जिले ऐसे रहे, जहां हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया गया, इनमें निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना का नाम शामिल हैं। इनमें सीवियर हीट वेव की स्थिति रही। वहीं प्रदेश के 17 जिले ऐसे हैं, जहां गर्मी का येलो अलर्ट रहा, इन जिलों अधिक गर्मी के कारण लू की स्थिति रही। इसके अलावा 22 जिलों में सामान्य गर्मी के कारण लू की स्थिति बनी। भोपाल मौसम केंद्र द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के मुताबिक 28 मई तक प्रदेश में गर्मी कम होने की संभावना नहीं है।

**खजुराहो व नौगांव में 45 डिग्री से ज्यादा तापमान**

### 12 जिलों में पारा 44° से ज्यादा

प्रदेश के 80 फीसदी जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इसका कारण यहां दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक होना है। रविवार को एमपी के 12 जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री या इससे ऊपर रिकार्ड किया गया। सबसे अधिक तापमान छतरपुर जिले के खजुराहो व नौगांव में रहा। दोनों ही जगह पारा 45.8 डिग्री रहा। भोपाल में 42.7 डिग्री, इंदौर में 40.9 डिग्री, उज्जैन में 41.5 डिग्री और जबलपुर में पारा 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

## आईपीएल 2026

### प्लेऑफ में पहुंचने वाली राजस्थान चौथी टीम बनी



**मुंबई, जेएनएन।** राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराते हुए आईपीएल 2026 की अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। इसके साथ ही वह बेंगलुरु, गुजरात और हैदराबाद के बाद प्लेऑफ में प्रवेश करने वाली चौथी टीम बन गई। लीग स्टेज के अंतिम दिन राजस्थान की जीत ने उनके खाते में कुल 16 अंक कर दिए। इसके चलते वह पंजाब से आगे निकल गए। प्लेऑफ का आगाज क्वालिफायर-1 के साथ होगा, जो बेंगलुरु और गुजरात के बीच 26 मई को धर्मशाला में खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में खेला जाएगा। हैदराबाद और राजस्थान के बीच 27 मई को न्यू चंडीगढ़ में एलिमिनेटर खेला जाएगा। जो टीम मुकाबला हारेगी वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। जीतने वाली टीम 29 मई को क्वालिफायर 1 हारने वाली टीम से क्वालिफायर 2 खेलेगी।

- 26 मई बेंगलुरु और गुजरात के बीच पहला क्वालिफायर
- 27 मई को हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर खेलेगी राजस्थान

### आईपीएल परिणाम

**राजस्थान ने मुंबई को 30 रनों से हराया।**

**दिल्ली ने कोलकाता को 40 रनों से हराया।**

# बांधवगढ़: बाघ के हमले का शिकार बनी महिला

## बचाने आए परिवार के तीन सदस्य हुए घायल

**जागरण, उमरिया।** प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा क्षेत्र के खेरवा मोहल्ला में एक बाघ अचानक घर के भीतर घुस आया। बाघ ने आंगन में गहरी नींद में सो रही महिला पर हमला कर उसकी जान ले ली। महिला को बचाने दौड़े परिवार के तीन अन्य सदस्य भी बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत, तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। मृतका की पहचान 40 वर्षीय फूल बाई, पति पहलू पाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रात करीब तीन बजे बाघ अचानक घर में दाखिल हुआ और सीधे फूल बाई पर हमला बोल दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर पति पहलू पाल, उसके पिता और ससुर दशई पाल उसे बचाने पहुंचे, लेकिन बाघ ने उन पर भी हमला बोल दिया।

घटना के बाद हालात तब और भयावह हो गए, जब बाघ कई घंटों तक घर के अंदर ही मौजूद रहा और बीच-बीच में दहाड़ता रहा। भयभीत ग्रामीण घर से दूरी बनाए रहे और बड़ी संख्या में लोग गांव के बाहर जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहीं टाइगर रिजर्व में आक्रोशित ग्रामीणों और वन विभाग की टीम से झड़प हो गई। ग्रामीणों ने टाइगर रिजर्व की टीम पर हमला कर दिया। सरकारी गाड़ी भी तोड़ दी। इस दौरान परिक्षेत्र अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव के सिर में चोट आई, जबकि पतौर रेंजर अंजू वर्मा के साथ भी मारपीट की गई। हालात संभालने और भीड़ नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात करना पड़ा।



बाघ के हमले के बाद गांव में महिलाएं लाठियां लेकर निगरानी करते हुए।

### ट्रैंकुलाइज के बाद टाइगर की मौत

वहीं वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान टाइगर को ट्रैंकुलाइज किया, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। हालांकि, कुछ देर बाद टाइगर की मौत हो गई। ट्रैंकुलाइज के दौरान दवा की ओवरडोज की वजह से जान जाने की आशंका है। वन विभाग मामले की जांच में जुटा है। अफसरों के मुताबिक यह क्षेत्र जंगल से सटा है, इसलिए सतर्कता जरूरी है। स्थानीय लोगों के अनुसार बाघ हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे भय बना हुआ है। इलाके में बाघ की गतिविधियों पर निगरानी जारी है।

## मृत महिला के परिजनों को मिलेंगे 25 लाख



**विशेष संवादताता, भोपाल।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में बाघ के हमले से एक महिला की मौत पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुःख जताया है। उन्होंने अधिकारियों को मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के निःशुल्क उपचार और आवश्यक मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में बाबा महाकाल से दिवंगत की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।




*₹ 10.99 lakh for e VITARA Delta. Battery EMI: ₹ 3.99/km (subject to financier terms). Taxes and statutory charges are extra. Visit dealership for full T&Cs. | *As certified by Kantar IMRB for an OEM platform for end-to-end usage as on November 28, 2025. | *543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. | *ADAS features are for driver assistance only. Driver is responsible for safe and attentive driving. | *Always wear your seatbelt. | *Mentioned ownership plan is for e VITARA Delta variant. Calculation is done assuming vehicle is running 60 km per day, excluding charging cost. Valid on retail sales for the e VITARA till 31st May '26, capped at 1 000 units of electricity (kWh) per customer or 1 Year from the purchase of the vehicle, whichever is earlier. Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an Insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years/1 00 000 km with an option of extending the same on payment basis to 5 years/1 40 000 km and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components.


जल संरक्षण का
जनआंदोलन
जल संरक्षण को जन-जन से जोड़ने का
जल गंगा संवर्धन अभियान-2026
(19 मार्च - 30 जून)
अंतर्गत
गंगा दशहरा के पावन अवसर पर
प्रदेशव्यापी जनसहभागिता कार्यक्रम
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
25 मई, 2026 । धार, मध्यप्रदेश
जल संरक्षण में राष्ट्रीय गौरव
• भारत सरकार के जल संचय-जनभागीदारी अभियान 2026 में मध्यप्रदेश चल रहा देश में अग्रणी
• प्रदर्शन के स्तर पर देश के टॉप 10 जिलों में मध्यप्रदेश के खण्डवा, डिंडौरी, शहडोल और राजगढ़ जिले शामिल
ऐतिहासिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन
• बावड़ी एवं मंदिर तालाबों का जीर्णोद्धार
• 5,000+ पुराने जल स्रोत संवारे गए
• 40 लाख+ नागरिकों की सहभागिता
जल गंगा संवर्धन अभियान 2025
उपलब्धियाँ
ग्रामीण जल संरक्षण
• 86 हजार+ खेत तालाब और 553 अमृत सरोवरों का निर्माण
• 1.04 लाख कुओं का पुनर्भरण
जनजागरूकता एवं जल संरक्षण
• 2.30 लाख जलदूत पंजीकृत
• 40 हजार कृषकों का पंजीयन कर ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सुविधा का विस्तार
• नहरों एवं जल संरचनाओं का अभिलेखीकरण
शहरी जल संवर्धन
• 3,300+ जल स्रोतों का पुनर्जीवन
• 2,200 नालों की सफाई
• 4,000 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण
नदी संरक्षण एवं हरित विकास
• 57 नदियों में मिलने वाले 194 नालों का शोधन, गंगोत्री हरित योजना में 145 नदी उद्गम क्षेत्रों का विकास
• वन्य जीवों के लिए 2,500+ जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण
वर्ष 2026 का लक्ष्य
₹ 10,666 करोड़ लागत के 3.68 लाख जल संरक्षण कार्य
19 मार्च से अब तक 1.91 लाख से अधिक कार्य पूर्ण
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D- 11024/26
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# अर्थव्यवस्था पर उठ रहे गंभीर सवाल

*प्रख्यात अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में कार्यकारी निदेशक के पद पर काम कर चुके हैं, लिहाजा उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के जिन संकेतकों की व्याख्या की है, वे बेहद गंभीर सवाल भी हैं। उन्होंने इस विरोधाभास को उठाया है कि भाजपा अपनी राजनीति के 'चरमोत्कर्ष' पर है। लेकिन अर्थव्यवस्था के मामले में वह हार रही है। देश की अर्थव्यवस्था कमजोर और निम्न है। इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती कि यह 'निम्नतम' श्रेणी में नहीं जाएगी। अर्थशास्त्री भल्ला के अनुसार, जीडीपी वृद्धि के लिहाज से भारत 9वें स्थान पर है। प्रति व्यक्ति जीडीपी विकास में 8वें स्थान पर है और डॉलर में प्रति व्यक्ति विकास के संदर्भ में 16वें स्थान पर है। बांग्लादेश 8.3 फीसदी सालाना प्रति व्यक्ति विकास में प्रथम स्थान पर है। इथियोपिया जैसा युद्धरत और धूप से जले हुए चेहरों का देश 7.2 फीसदी जीडीपी वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर है। अमरीकी डॉलर में भारत का प्रति व्यक्ति विकास 4.7 फीसदी है और देश 16वें स्थान पर है। डॉ. भल्ला के इस डाटा के आधार पर सवाल सहज है कि भारत एक 'प्रमुख अर्थव्यवस्था' है या आज भी 'नाजुक अर्थव्यवस्था' वाली श्रेणी में है? प्रख्यात अर्थशास्त्री की बुनियादी चिंता निजी-विदेशी निवेश (औसतन 32 फीसदी) और बीते सात सालों से 'रुपए' के लगातार अवमूल्यन को लेकर है। निर्यात भी बहुत कम हो गया है। दूसरा विश्लेषण प्रो. संतोष मेहरोत्रा का है। वह भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति के 'विकासवादी अर्थशास्त्री' हैं। 2009-14 के दौरान वह योजना आयोग में 'अनुप्रयुक्त मानव संसाधन अनुसंधान संस्थान' के महानिदेशक (भारत सरकार में सचिव पद के समकक्ष) रहे। आज भी ब्रिटेन, मॉस्को समेत कुछ विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र के विजिटिंग प्रोफेसर हैं। प्रो. मेहरोत्रा ने शोधात्मक विश्लेषण किया है कि भारत में करीब 12.10 करोड़ युवा न तो पढ़ रहे हैं और न ही काम कर रहे हैं। उनमें से करीब 8 करोड़ युवा अपना रोजगार 'कृषि' बताते हैं, जो उनका पुश्तैनी काम होगा। इतना व्यापक, युवा श्रम बेकार जा रहा है, क्योंकि वे बेरोजगार हैं।*

*यह देश के लिए शर्मनाक और विडंबनापूर्ण स्थिति है। प्रो. मेहरोत्रा के मुताबिक, 2012-25 के दौरान बेरोजगारी दर 'तिगुनी' बढ़ चुकी है। खुदरा महंगाई दर भी 5 फीसदी को पार कर चुकी है और अभी महंगाई तेजी से बढ़ेगी। यह देश की व्यवस्था की विडंबना है कि मौजूदा दौर में कामगार या दिहाड़ीदार अथवा स्वरोजगार में लगे लोगों की आमदनी नहीं बढ़ सकी है, तो ये तबके महंगाई का सामना कैसे कर पाएंगे? दरअसल अर्थव्यवस्था संबंधी विरोधाभास यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी अभी पांच देशों के प्रवास से लौटे हैं। इस दौरान भारत के साथ 57 करार किए गए हैं। प्रधानमंत्री 50 से अधिक वैश्विक सीईओ से भी मिले। आज यूरोपीय संघ के केंद्र में भारतीय बाजार और अर्थव्यवस्था है। शीत युद्ध के कालखंड में ऐसा रुख नहीं था। पश्चिम के साथ भारत के अंतरंग, रणनीतिक, मधुर संबंध नहीं थे, क्योंकि हम तत्कालीन सोवियत संघ की रक्षा और आर्थिक नीतियों के अनुसार ही निर्णय लेते थे। आज भारत का निर्यात बाजार और यूरोप के साथ पूंजी, विकसित प्रौद्योगिकी, ग्रीन ऊर्जा, एआई, सेमीकंडक्टर चिप्स, रक्षा, बुनियादी ढांचे, सांस्कृतिक, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, निवेश आदि क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारियों ने भारत को 'धुरी' बना दिया है। यदि यूरोपीय देशों ने भारत के साथ इतने करार किए हैं, तो निश्चित ही भारत आर्थिक रूप से सक्षम होगा और एक विशालतम बाजार होगा! आज फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड जैसे देश और नॉर्डिक देश भी भारत के साथ अंतरंग और गहरे रणनीतिक संबंध बना रहे हैं, तो यह भारत की चौतरफा ताकत है। चीन से संभावित जोखिमों को कम करने के लिए भी यूरोप भारत को साझेदार बना रहा है। क्या भारत की कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण ये रणनीतिक साझेदारियां संभव थीं? लिहाजा एक बार फिर प्रधानमंत्री को देश को संबोधित कर खुलासा करना चाहिए कि सच क्या हैं? भारत की दृष्टि से दूसरे देशों के साथ आर्थिक समझौते तभी लाभदायक माने जाएंगे, अगर निर्यात के बजाय आयात कम हो। निर्यात और आयात के बीच संतुलन पैदा करने की जरूरत है।*

प्रसंगवश

# गंगा दशहरा जल के प्रति कृतज्ञता का पर्व



डॉ. मोहन यादव

*भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म में नदियों को मात्र जल स्रोत नहीं, बल्कि देवी के रूप में पूजा जाता है। गंगा दशहरा या गंगावतरण ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है। पृथ्वी पर गंगा के अवतरण की स्मृति में मनाया जाने वाला गंगा दशहरा जल के प्रति कृतज्ञता का पर्व है।*

*गंगा यानी पवित्र-साफ जल के इसी महत्व को समझते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण को एक राष्ट्रीय जन आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने जल को विकास का प्रमुख पैरामीटर बनाते हुए हर घर जल और जल है तो कल है के संकल्प को साकार किया। उनके नेतृत्व में जल शक्ति मंत्रालय का गठन, जल जीवन मिशन, नमामी गंगे, अमृत सरोवर मिशन और जल शक्ति अभियान जैसी ऐतिहासिक पहल हुईं, जिन्होंने देश की जल सुरक्षा को नई दिशा दी है।*

*अमृत सरोवर योजना में प्रत्येक जिले में 75 जलाशयों के निर्माण या पुनरुद्धार का लक्ष्य रखा गया। अब तक 70 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो चुके हैं। इनसे वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और सिंचाई सुविधा बढ़ी है। यह मिशन सामुदायिक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। नमामी गंगे परियोजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, नदी फ्रंट विकास और जैव विविधता संरक्षण के कार्य भी हो रहे हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाके तहत प्रति बूंद अधिक फसल का मंत्र दिया गया, जिसमें ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला। कैच द रेन अभियान ने वर्षा जल संचयन को जन आंदोलन बनाया। प्रधानमंत्री ने बार-बार कहा कि पानी बचाना स्वच्छ भारत मिशन की तरह सामूहिक दायित्व है।*

*इन प्रयासों का परिणाम साफ दिखता है। भूजल रिचार्ज बढ़ा है, ओवर-एक्सप्लॉइटेड इकाइयों की संख्या घटी है । प्रधानमंत्री श्री मोदी का विजन केवल बुनियादी ढांचा निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि जल संरक्षण को संस्कृति और आदत बनाने का है। ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए जल-समृद्ध भारत का आधार तैयार कर रहे हैं। जल संरक्षण अब मात्र नीति नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बन चुका है।*

*मध्यप्रदेश भी, जिसे प्राकृतिक जल संसाधनों से समृद्ध माना जाता है, जल संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल कर रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2025 में 19 मार्च से 30 जून तक चलाया गया। चालू वर्ष-2026 में भी यह अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन करना है। नए जल स्रोतों का निर्माण, वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और पुरानी जल संरचनाओं का पुनरुद्धार अभियान के प्रमुख स्तंभ हैं। प्रदेश में 10 हजार से अधिक चेकडैम और स्टॉपडैम के संधारण, हजारों तालाबों के गहरीकरण, नई जल संरचनाओं का निर्माण और लगभग 2,500 करोड़ रुपये की लागत से बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। यहां की अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि जल पर निर्भर है। इस अभियान का महत्व जल संकट जैसी चुनौतियों के समाधान में निहित है। अभियान से वर्षा जल का अधिकतम संचयन होता है, भूजल स्तर में वृद्धि से सूखाग्रस्त क्षेत्रों में भी फसल उत्पादन संभव होता है। खेत तालाबों, रिज-टू-वैली मॉडल और जल संरक्षण संरचनाओं से किसानों की आय बढ़ रही है।*

*मध्यप्रदेश में प्राचीन बावड़ी, तालाब और जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार सांस्कृतिक गौरव बढ़ाता है और पर्यटन को बढ़ावा देता है।पानी चौपाल जैसे कार्यक्रमों में किसानों को दी जा रही कम पानी वाली फसलें, ड्रिप सिंचाई और आधुनिक तकनीकों की जानकारी से जल संरक्षण की संस्कृति विकसित हो रही है। इस अभियान से प्रदेश जल संरक्षण में देश का अग्रणी राज्य बन रहा है। अमृत सरोवरों के जल क्षेत्र में भारी वृद्धि, नदियों का पुनःप्रवाह और लाखों जल संरचनाओं का निर्माण राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में यह जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने में सफल हो रहा है।यह मध्यप्रदेश के भविष्य की नींव है। यदि हम आज जल स्रोतों का संरक्षण करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां समृद्ध जल संसाधनों का उपयोग कर सकेंगी। स्वच्छ, समृद्ध और जल-सम्पन्न मध्यप्रदेश का सपना तभी साकार होगा जब हर नागरिक इस अभियान से जुड़कर जन संरक्षण का संकल्प लेगा।*

***( लेखक - मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )***

चुनाव प्रक्रिया

**लोकतंत्र में सभी को सवाल उठाने का हक है, पर आरोप प्रामाणिक होना जरूरी**

# ईवीएम पर सवाल उठाएं, संदेह न फैलाएं

पीयूष पांडे



लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों की साझा जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में सभी को सवाल उठाने का हक है, पर आरोप प्रामाणिक होना जरूरी है। स्वतंत्र भारत में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्तूबर, 1951 से 21 फरवरी, 1952 के बीच हुआ था, और मई 1952 में पहली लोकसभा अस्तित्व में आई थी। संसदीय चुनावों के करीब 75 वर्षों के इतिहास में भारत की चुनाव प्रणाली अलग-अलग मोड़ों से गुजरते हुए उस मुकाम पर पहुंची है, जहां 'फ्री एंड फेयर' चुनाव की अवधारणा वास्तविकता के काफी निकट है। दुर्भाग्य है कि कुछ राजनीतिक दल हार के बाद चुनाव प्रणाली को ही कठघरे में खड़ा कर देते हैं और यह सिलसिला अब नियमित हो चला है। भारत में बार-बार यह बात साबित हुई है कि यहां लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत हैं और इसका प्रमुख कारण है यहां की चुनाव प्रणाली। संविधान सभा ने जब तय किया कि भारत सभी वयस्कों को मताधिकार देगा, तो यह अपने आप में एक क्रांतिकारी कदम था। इसके बाद चुनाव संपन्न कराने में जो मेहनत हुई, वह अद्भुत थी। सबसे पहले एक समावेशी मतदाता सूची बनाने में ही अधिकारियों के पसीने छूट गए थे। लाखों लोगों के पास जन्म प्रमाणपत्र, पहचान-पत्र या निवास प्रमाण जैसी कोई चीज नहीं थी। अधिकारियों के पास न कोई डाटाबेस था और न कोई पूर्व अनुभव। तमाम कोशिशों के बावजूद लाखों महिलाएं अपना नाम बताने को तैयार नहीं थीं। इसी वजह से कई महिला मतदाताओं के नाम दर्ज नहीं हो पाए। कई राज्यों के अधिकारियों ने केंद्र को चिट्ठी लिखकर पूछा कि मतदाता सूची कैसे बनती है? तब पूर्वी पंजाब के चुनाव आयुक्त ने केंद्र को लिखा कि राज्य की सभी बड़ी प्रिंटिंग प्रेस पाकिस्तान के लाहौर में हैं, इसलिए मतदाता सूची की छपाई मुश्किल है। मतदाता सूची बनाना कितना कठिन था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान में सार्वभौमिक मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष चुनाव होने व मतदाता सूची बनाने में दो दशक से ज्यादा का समय लग गया।

निर्वाचन आयोग ने हजारों मुश्किलें पार कर देश में चुनाव संपन्न कराए। हालांकि, उस समय भी चुनाव में गड़बड़ी की शिकायतें आईं, जबकि चुनाव आयुक्त कांग्रेस सरकार के ही चुने हुए थे। नौ फरवरी, 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को पत्र लिखकर कहा कि उन्हें चुनाव संचालन के विषय में कई शिकायतें मिली हैं। नेहरू जी ने लिखा-'मुझे बताया गया है कि कई जगह मतदान पेटियों को बदल दिया गया या उनके साथ छेड़छाड़ की गई है।'

दरअसल, भारत में चुनाव प्रणाली की इमारत अनुभवों के आधार पर खड़ी की गई है, और हर समस्या का समाधान खोजने की कोशिश हुई है। 1957 के चुनाव में बिहार के बेगूसराय जिले के रचियाही गांव में बूथ पर कब्जा करने का पहला मामला सामने आया था। देखते-देखते यह 'फिनोमिना' बन गया। प्रणय रॉय व दोरब आर सोपारीवाला लिखित द वर्डिक्ट किताब में जिक्र है कि एक वक्त ऐसा भी था, जब देश के कुल बूथ के 4-5 फीसदी बूथ सत्ताधारी दल द्वारा और 2-3 फीसदी बूथ विरोधी दलों द्वारा लूट लिए जाते थे। 1990 के पूर्व तक चुनावी प्रक्रिया को सत्ताधारी दल और बाहुबली प्रभावित कर लेते थे। फिर टी एन शेषन चुनाव आयुक्त बने। उन्होंने मतदान के समय केंद्रीय बलों की तैनाती, शिकायत मिलने पर चुनाव स्थगन, वोटर आईडी की अनिवार्यता और कई चरणों में मतदान जैसे सख्त कदम उठाए। टी एन शेषन की सख्ती से नाराज लालू प्रसाद यादव ने उन्हें 'पागल सांड' तक कह दिया था।

साल 2000 के बाद ईवीएम के इस्तेमाल ने मतदान को और सुगम बनाया। यह अलग बात है कि विपक्ष ईवीएम में गड़बड़ी का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है, पर 2017 में चुनाव आयोग द्वारा आयोजित 'ईवीएम चैलेंज' में कोई भी राजनीतिक दल मशीनों में छेड़छाड़ का दावा साबित नहीं कर पाया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वीवीपैट प्रणाली को भी व्यापक रूप से लागू किया गया। भारत में ईवीएम की उपयोगिता इस तथ्य से समझी जा सकती है कि यहां करीब 97 करोड़ वोटर हैं, जबकि अमेरिका में सिर्फ 17 करोड़ और ब्रिटेन में सिर्फ पांच करोड़ ही वोटर हैं। चुनाव प्रक्रिया में भरोसा बढ़ाने के लिए ही बूथ पर सीसीटीवी कैमरा लगाने और वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे उपाय किए गए। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के बाद उम्मीदवारों के लिए अपनी संपत्ति, आपराधिक मामलों और शैक्षणिक योग्यता की जानकारी सार्वजनिक करना अनिवार्य हुआ। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर निर्वाचन आयोग ने ईवीएम में आखिरी बटन के रूप में नोटा जोड़ा। महत्वपूर्ण है कि 2024 के चुनाव में करीब एक करोड़ चार लाख वोट नोटा पर पड़े। ऐसे में, अब यह बहस जोर पकड़ रही है कि मतदाता के पास 'राइट टू रिकॉल' होना चाहिए।

चुनाव सुधार एक सतत प्रक्रिया है और भारत ने इस मामले में लगातार प्रगति की है। इसी कारण मतदाताओं का भरोसा संसदीय चुनाव प्रणाली पर बढ़ा है। देश में हुए पहले, दूसरे और तीसरे आम चुनाव में सिर्फ 45.7, 47.7, और 55.4 फीसदी लोगों ने वोट डाले थे, जो बढ़कर 2024 के लोकसभा चुनाव तक 65.8 फीसदी तक पहुंच गए। हाल में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तो पहले चरण में 93.19 फीसदी और दूसरे चरण में 91.66 फीसदी वोट पड़े। विपक्षी दलों ने चुनाव के नतीजों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अलावा निर्वाचन आयोग व सरकार की मिलीभगत का नतीजा बताया। निश्चित रूप से एसआईआर का क्रियान्वयन और बेहतर होना चाहिए था।

चुनाव में जीत-हार के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं, लेकिन हर हार के बाद चुनावी प्रक्रिया को कठघरे में खड़ा करना लोकतंत्र के लिए स्वस्थ संकेत नहीं है। यदि विपक्ष को लगता था कि बिहार या पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान बड़े पैमाने पर वास्तविक मतदाता प्रभावित हुए हैं, तो उसे ऐसे प्रभावित लोगों को सामने लाकर ठोस राष्ट्रीय बहस खड़ी करनी चाहिए थी। लोकतंत्र में सवाल उठाने का अधिकार सभी को है, पर यह भी आवश्यक है कि आरोप प्रमाण आधारित हों। भारत ने 75 वर्षों में अनेक कठिन दौर पार करते हुए चुनावों को लोकतांत्रिक आस्था का बड़ा उत्सव बनाया है। इस विश्वास को बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों की साझा जिम्मेदारी है।

खुला मंच

# गुस्सा और जूता !

शमीम शर्मा

हमारे संस्कारों मे यह कूट कूट के भर दिया जाता है कि में जूता सिर्फ पहना नहीं जाता, जरूरत पड़ने पर दिखाया भी जाता है। तभी तो हमारे गुस्से की 'आवाज' पहले आती है और लॉजिक बाद में। । हरियाणवी पूछता है—मन्नैं आंख दिखावै? हिंदी भाषी कहेंगे आप मुझे क्यों घूर रहे हो? इतनी लंबी लाइन बोलते-बोलते तो हमारा गुस्सा ही ठंडा हो जाए! हरियाणवी का गुस्से में जवाब होगा—मेरा जूता दिखै है ना। और सामने वाला समझ जाता है कि अब इतिहास लिखा जाएगा। हमारी बोली का गुस्सा क्यों खास है क्योंकि हमारे यहां गुस्सा भी देसी है। वो मिट्टी से जुड़ा है। वो जूते से शुरू होकर चप्पल तक जाता है और फिर मां के 'एक झापड़ पड़ैगा' पर आकर स्थिर हो जाता है।

जूते की बात चली है तो गुस्सा प्रदर्शन मे देसी जूते का ही उपयोग करना समझदारी माना जाता है, ताकि कितनी भी जोर से चले, जेब पर चोट न आए। ब्रांडेड जूते का गुस्सा प्रदर्शन तो खुद के सर के बाल उड़ा देने की योग्यता रखता है। ब्रांडेड जूते इतने महंगे हो गये हैं कि दादाजी को पूछना पड़ता है- छोरे! प्लॉट ले रह्या है कि जूते? बड़े-बूढ़ों का कहना है कि जूता भी बादाम की तरह होता है, जितना खाओगे उतना ही दिमाग तेज होगा। एक बात माननी पड़ेगी कि इंटरव्यू वाले दिन लड़के जूते ऐसे चमकाते हैं माने जूता ही इंटरव्यू देने जा रहा हो। ताऊ नई जूती पहन कर चौपाल में गया तो एक ने कह दिया- वाह ताऊ आज तो नयी जूती पैण के आ रह्या है। ताऊ बोल्या- के होग्या फेर, पैर तो पुराने हैं।

भारतीय संस्कृति में जूता सिर्फ पहना नहीं जाता, जरूरत पड़ने पर दिखाया भी जाता है। जूता छिपाई की रस्म शादियों में तो सालियां करती हैं पर मंदिरों में जूता-चुराई की रस्म कौन करते हैं, आज तक नहीं पता चला। जूता चप्पल, झाड़ू, बेलन ये सब गुस्से के हथियार हैं। अपने यहां जब क्रोध सुलगने लग जाये तो गुस्से में कहा जाता है- जूता निकालूं क्या? मेरा मन सोचता है कि बेचारे अंग्रेज क्या निकालते होंगे? हमारे यहां तो बरसों पहले कहा गया कि लातों के भूत बातों से नहीं जूतों से मानते हैं। यह असल में एक सांस्कृतिक अलार्म है जो बताता है कि जहां कानून ना माना जाये वहां जूता लोकतंत्र संभाल लेता है।

यह संवाद आखिरी सीटी है .... एक बार की बात है एक रामप्यारी ने आधी रात में चोर पकड़ लिया और उसके ऊपर चढ़ कर बैठ गई ।जाड़ी रामप्यारी के बोझ से चोर का तो कचूमर निकलने को हो गया ।रामप्यारी अपने घरवाले से बोली - देख क्या रहा है, भाग के पुलिस बुला ले। ।उसका घरवाला नत्थू बोला - ना जूता मिल रहा ना चप्पल।तो चोर बोला - भाई जी! मेरी पहन लो पर जाओ जल्दी मेरा दम निकाल जाएगा नई तो... ।

न्यायिक व्यवस्था

**देरी का अनुचित लाभ उठाकर दागी व्यक्ति भी राजनीति के शीर्ष पदों तक पहुंच जाते हैं**

# न्याय मिलने में देरी, न्याय से वंचित होने के समान

डॉ. सुधीर कुमार



न्याय के गलियारों में गूंजती 'तारीख पर तारीख' की प्रतिध्वनि दरअसल उस आम आदमी की सिसकी है, जिसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता फाइलों के बोझ तले दम तोड़ रही है। फिल्म 'दामिनी' का वह मशहूर संवाद- 'तारीख पर तारीख मिलती रही है माय लॉर्ड, लेकिन इंसाफ नहीं मिला' महज एक फिल्मी लाइन नहीं, बल्कि भारत की अदालतों की उस कड़वी हकीकत का जीवंत दस्तावेज़ है, जिससे हर रोज़ देश का आम नागरिक गुज़रता है। 'न्याय में देरी, न्याय से वंचित होना है'—यह कहावत भारतीय न्यायपालिका की सबसे बड़ी चुनौती रही है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने इस विसंगति को जड़ से मिटाने के लिए एक क्रांतिकारी पहल की है।

हाल ही में माननीय उच्चतम न्यायालय की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने स्पष्ट किया है कि जमानत याचिकाओं में अनावश्यक देरी न केवल कानूनी विफलता है, बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त 'प्राण और दैहिक स्वतंत्रता' के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। 'मेनका गांधी बनाम भारत संघ' के ऐतिहासिक मामले में स्थापित यह सिद्धांत कि 'कानूनी प्रक्रिया उचित, न्यायपूर्ण और तर्कसंगत होनी चाहिए', आज भी हमारी न्यायिक शुचिता की कसौटी है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट जैसे बड़े न्यायालयों में संसाधनों की भारी कमी और न्यायिक ढांचे पर अत्यधिक दबाव चिंताजनक है, जहां एक न्यायाधीश को प्रतिदिन औसतन 200 जमानत याचिकाओं की सुनवाई करनी पड़ती है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस अरुण कुमार जायसवाल ने 'तारीख पर तारीख' की संस्कृति पर तीखी टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि इस न्यायिक देरी का अनुचित लाभ उठाकर कई दागी व्यक्ति राजनीति के शीर्ष पदों तक पहुंच जाते हैं। न्यायालय ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि देरी के लिए केवल न्यायपालिका ही नहीं, बल्कि पुलिस द्वारा समय पर फोरेंसिक रिपोर्ट और गवाहों को पेश न करना भी समान रूप से जिम्मेदार है।

कानूनी परिप्रेक्ष्य में 'स्टेट ऑफ राजस्थान बनाम बालचंद (1977)' के तहत जस्टिस कृष्ण अय्यर का यह सिद्धांत सर्वोपरि है कि 'जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद'। भारतीय न्यायशास्त्र के अनुसार जब तक दोष सिद्ध न हो, व्यक्ति निर्दोष है। इसके बावजूद, 'तारीख पर तारीख' के चक्रव्यूह में फंसकर विचाराधीन कैदी बिना किसी अपराध के वर्षों जेल में काट देते हैं। इसी न्यायिक जड़ता को तोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अब जमानत मामलों को हर हफ्ते या अधिकतम दो हफ्ते में लिस्ट करने का निर्देश दिया है। 'सत्येंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई (2022)' मामले में भी अदालत ने साफ कहा था कि जमानत में देरी नागरिक की गरिमा पर सीधी चोट है।

विकसित देशों में जमानत प्रक्रिया भारत की तुलना में अधिक त्वरित और तकनीक-केंद्रित है। यूनाइटेड किंगडम में 'बेल एक्ट 1976' के तहत जमानत एक वैधानिक अधिकार है, जिस पर अदालतें कुछ ही घंटों या दिनों में निर्णय लेती हैं । संयुक्त राज्य अमेरिका में 'एक्चुअरियल रिस्क असेसमेंट' और एल्गोरिदम जैसे तकनीकी टूल्स का उपयोग न्यायाधीशों को वस्तुनिष्ठ निर्णय लेने और प्रक्रिया को तेज करने में मदद करता है। इसी दिशा में भारतीय सुप्रीम कोर्ट भी अब 'ऑटोमेटिक लिस्टिंग सिस्टम' पर जोर दे रहा है।


इस न्यायिक जड़ता को तोड़ने के लिए 'मद्रास उच्च न्यायालय' की कार्यप्रणाली को राष्ट्रीय मॉडल बनाना होगा। व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा हेतु 'विशेष जमानत अदालतें' या समर्पित 'स्वतंत्रता बेंच' का गठन समय की मांग है। सुधार का दूसरा अनिवार्य स्तंभ 'संस्थागत जवाबदेही' है। जांच एजेंसियों और अभियोजन पक्ष के लिए जवाब दाखिल करने हेतु 72 घंटे से 7 दिनों की सख्त समय-सीमा तय हो। सरकारी पक्ष द्वारा समय मांगे जाने पर 'कॉस्ट इम्पाउन्डिंग' जैसे दंडात्मक उपाय लागू होने चाहिए। साथ ही, अधूरी चार्जशीट और विलंबित जांच पर अंकुश लगाना होगा, जो 'तारीख पर तारीख' का मुख्य कारण हैं।

जरूरी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से एक ऐसा 'केस मैनेजमेंट सिस्टम' विकसित हो, जहां हर मुकदमे का 'लाइफ-साइकिल' पहले से निर्धारित हो। ई-फाइलिंग और अनिवार्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रशासनिक एवं भौतिक पेशी की बाधाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी। न्याय को मानवीय संवेदनाओं की कसौटी पर कसना होगा। भारी मुचलके न भर पाने के कारण जेलों में बंद गरीब कैदियों के लिए 'पर्सनल बॉन्ड' को प्राथमिकता देना एक साहसी कदम होगा। जब जांच, तकनीक और मानवीय गरिमा का संगम होगा, तभी न्याय की ड्योढ़ी पर आम आदमी का विश्वास बहाल हो सकेगा।

सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप लोकतंत्र की जीवंतता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण का प्रतीक है। 'तारीख पर तारीख' के फिल्मी संवाद को हकीकत में बदलने के लिए प्रशासनिक जटिलताओं को खत्म करना और 'जेल नहीं, जमानत' के सिद्धांत को धरातल पर उतारना अनिवार्य है। यदि हम स्वचालित प्रणालियों और जवाबदेह कार्यशैली को अपनाते हैं, तो न्याय का रथ तारीखों के बोझ से मुक्त होकर मानवीय गरिमा और त्वरित तर्क के पथ पर अग्रसर होगा। यह केवल एक आदेश नहीं, बल्कि भारतीय न्याय प्रणाली के पुनरुद्धार का एक महा-संकल्प है।

जीवन दर्शन

# हर दिन हमें धैर्य का पाठ पढ़ाती है प्रकृति



विज्ञान हमें केवल तथ्य नहीं देता, बल्कि अनुशासन, विनम्रता और सत्य के प्रति सम्मान भी सिखाता है। इसी तरह पेड़, मिट्टी, बीज और ऋतुओं की शक्ल में प्रकृति भी हर दिन हमें धैर्य का पाठ पढ़ाती रहती है। विज्ञान ने मुझे सिखाया है कि दुनिया उतनी सरल नहीं है, जितनी वह पहली नजर में दिखाई देती है।

यहां हर उत्तर के पीछे एक और प्रश्न छिपा होता है, हर खोज के भीतर एक दूसरा रहस्य छिपा होता है। और यही जीवन की सबसे सुंदर बात भी है कि मनुष्य अपनी खुशी किसी खोज में भी ढूंढ सकता है। क्योंकि, जब कोई व्यक्ति किसी नई सच्चाई को समझने की कोशिश करता है, जब वह प्रकृति के किसी छोटे-से संकेत को ध्यान से समझता है, तब उसके भीतर एक ऐसी जिज्ञासा जन्म लेती है, जो अधिक स्थायी होती है।

00:03 विज्ञान केवल प्रयोगशाला की ठंडी दीवारों में बंद विषय नहीं है, बल्कि यह संवेदनाओं, धैर्य और स्मृतियों का जीवंत संसार है। इसलिए, हमें अपने जीवन के हर महत्वपूर्ण चीज व क्षण को लिख लेना जरूरी हो जाता है, क्योंकि समय किसी का इंतजार नहीं करता है। वह हमें लोगों से दूर कर देता है और हमारी यादों को धुंधला बना देता है। तब, लिखे गए शब्द ही हमारे सच्चे गवाह बनते हैं। जो लिखा गया, वही भविष्य तक पहुंचता है, जो अनकहा रह गया, वह धीरे-धीरे खो जाता है। शायद यही कारण है कि कोई वैज्ञानिक शब्दों को उतनी ही गंभीरता से चुनता है, जितनी तसल्ली से कोई कवि अपनी कविता के लिए भाव का चयन करता है। विज्ञान हमें केवल तथ्य नहीं देता, बल्कि अनुशासन, विनम्रता और सत्य के प्रति सम्मान भी सिखाता है। संवेदनशील होना कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। पेड़, मिट्टी, बीज और ऋतुओं की शक्ल में प्रकृति हर दिन हमें धैर्य का पाठ पढ़ाती है। एक बीज वर्षों तक अंधेरे में रहकर भी सही समय आने पर अंकुरित हो जाता है। ठीक वैसे ही मनुष्य के भीतर के सपने भी कभी व्यर्थ नहीं जाते। जीवन में सबसे सुंदर लोग वही होते हैं, जो सीखना कभी बंद नहीं करते, जो बार-बार टूटने के बाद भी अपनी जिज्ञासा को बनाए रखते हैं, और जो अपने अनुभवों को शब्दों में बदलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए रोशनी छोड़ जाते हैं।

**शिवदान सिंह**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**अधमाः धनमिच्छन्ति धनं मानं च मध्यमाः ।**
**उत्तमाः मानमिच्छन्ति मानो हि महताम् धनम् ॥**

**भावार्थ**

अर्थ- निम्न कोटि के लोग केवल धन की इच्छा रखते हैं, उन्हें सम्मान से कोई मतलब नहीं होता है। जबकि एक मध्यम कोटि का व्यक्ति धन और मान दोनों की इच्छा रखता है। और उत्तम कोटि के लोगों के लिए सम्मान हीं सर्वोपरी होता है। सम्मान, धन से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है।

## 9वीं-11वीं द्वितीय परीक्षा

# जानकारी भेजने का आज अंतिम दिन, नहीं दी गई तो परीक्षा से छूट जाएंगे छात्र-छात्राएं

### कई स्कूलों ने बच्चों की डिटेल ही नहीं भेजी, गोपनीय सामग्री नहीं मिलेगी

जागरण,रीवा

कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा 3 जून से शुरू होने वाली है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले कई स्कूलों के बच्चों की संख्या अभी तक नहीं भेजी गई है। इसे लेकर सहायक संचालक परीक्षा मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा गया है। उनका कहना है कि 25 मई तक जानकारी नहीं मिली तो गोपनीय सामग्री भेजना मुश्किल हो जाएगा। जितने बच्चों की जानकारी प्राप्त हुई है उस हिसाब से सामग्री भेज दी जाएगी। पत्र में कहा गया है कि कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा के लिए अनुत्तीर्ण छात्रों की जानकारी विषयवार एमपीएसओएस के पोर्टल पर भरने के निर्देश दिए गए थे, जिसकी अंतिम तिथि 15 मई थी। उक्त दिनांक तक भरे गए डाटा के आधार पर प्रश्न पत्र 25 मई से भोपाल से डिस्पैच किए जाएंगे। बहुत से विद्यालयों के द्वारा उस दिनांक तक प्रविष्टि नहीं की गई है। पोर्टल दोबारा खोला जा रहा है, परन्तु यह सामग्री जिलों को मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल से प्राप्त करनी होगी।

### भोपाल से मिलेगी सामग्री

शेष रहे विद्यालयों की जानकारी 25 मई तक अनिवार्यतः प्रविष्ट करनी होगी। उक्त सामग्री 30 मई को मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से प्राप्त करने के लिए किसी अधिकृत व्यक्ति को अधिकार पत्र सहित भेजना आवश्यक होगा। गोपनीय सामग्री को सुरक्षा पूर्वक ले जाने की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

### स्कूलों में भी बनेंगे हेल्प सेंटर



शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के संचालन हेतु अब स्कूलों में भी सहायता केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। इसमें 12वीं पास छात्र-छात्राओं को प्रवेश की पूरी जानकारी प्रदान करने की कोशिश की जाएगी। विषयों का चयन और दस्तावेजों को किस प्रकार अपलोड करना है इसकी भी प्रक्रिया समझाई जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया को विद्यार्थियों के लिए अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के समय मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता एवं सुविधा प्रदान करने के लिए कॉलेजों के साथ ही हायर सेकेण्डरी स्कूलों में भी सहायता केंद्र स्थापित किए जाने हैं। इन सहायता केंद्रों से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनके पास के स्थान पर ही ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज अपलोडिंग एवं महाविद्यालय तथा विषय चयन जैसी प्रक्रियाएं सहजता से पूर्ण करने में सुविधा होगी। आदेश में कहा गया है कि सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में हेल्प सेंटर खोले जाएं।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रीवा एयरपोर्ट से बेंगलुरू के लिए हुए रवाना



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सिंगरौली प्रवास के उपरांत आज सुबह हेलिकॉप्टर से रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। रीवा एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री जी वायुयान द्वारा बेंगलुरू के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सक्रियता व संवेदनशीलता से ग्रामीण स्तर तक भ्रमण कर पूरे मनोयोग व पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने की पहल को जारी रखें। रीवा एयरपोर्ट में इस दौरान विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, डीआईजी हेमंत चौहान, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक गुरूकरण सिंह, आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल नई दिल्ली से प्रयागराज एक्सप्रेस द्वारा 24 मई को प्रातः 7 बजे प्रयागराज रेलवे स्टेशन पहुंचेगे। तदुपरांत कार द्वारा रवाना होकर सुबह 9 बजे रीवा आयेंगे। श्री शुक्ल सुबह 10 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी पर्व के ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा दोपहर 3 बजे सतना रवाना होंगे। सतना के कार्यक्रम में शामिल होने उपरांत शुक्ल अपरान्ह 5.30 बजे रीवा शहरी क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी पर्व आयोजन में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 7.50 बजे रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल रवाना हो जायेंगे।

## 54वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 30 मई से

**रीवा।** 54वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता की अनुमति मप्र तैराकी संघ द्वारा रीवा को दी गई है, इस वर्ष इस प्रतियोगिता की मेजबानी रीवा करेगा। जिला संघ के सचिव आशुतोष तिवारी ने बताया कि 30 मई से 2 जून तक किया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर के 300 से अधिक खिलाड़ी व स्टाफ शामिल होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन मिहिरसेन तरणताल में किया जाएगा।

## पैथ एक्सपर्ट लैब्स सीएमई का हुआ आयोजन

### चिकित्सकों की रही उल्लेखनीय भागीदारी



**रीवा।** पैथएक्सपर्ट लैब्स द्वारा कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ नमिता पाण्डेय ने किया, जो एक प्रख्यात ऑनकोपैथोलॉजिस्ट एवं पैथएक्सपर्ट लैब्स की संस्थापक हैं। अपने व्याख्यान में उन्होंने आधुनिक चिकित्सा में पैथोलॉजी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि सटीक एवं समयबद्ध लैब जांचें रोगी के उपचार परिणामों को किस प्रकार बेहतर बना सकती हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ गौरव त्रिपाठी ने भी अपने विचार साझा किए। एक अनुभवी हीमैटोलॉजिस्ट के रूप में उन्होंने रक्त संबंधी रोगों के निदान एवं लैब रिपोर्ट्स की सही व्याख्या के महत्व को सरल एवं व्यावहारिक ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित चिकित्सकों ने अत्यंत सराहा। इस सीएमई में विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की गइ। इस सफल आयोजन के माध्यम से पैथएक्सपर्ट लैब्स ने पुनः यह सिद्ध किया है कि वह चिकित्सा समुदाय के लिए निरंतर शिक्षा एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
आयुष्मान कार्ड के माध्यम से
नि:शुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
24/7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें:
07662-314775,7771000668,7771000669
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
मध्य प्रदेश राज्य सरकार की 7.64% मध्य प्रदेश एसजीएस 2034 और 7.83% मध्य प्रदेश एसजीएस 2048 प्रतिभूतियों की नीलामी
मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने नीलामी के माध्यम से कुल ₹ 2,800 करोड़ (अंकित मूल्य) राशि की प्रतिभूतियों की बिक्री का प्रस्ताव किया है।
एकाधिक मूल्य प्रारूप के अंतर्गत प्रतिफल आधारित नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई-कुबेर) पर 26 मई 2026 (मंगलवार) को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (https://rbiretaildirect.org.in) के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर 22 मई 2026 (शुक्रवार) की प्रेस प्रकाशनी देखें।
''पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं''

# केन्द्रीय पुस्तकालय भवन भवन का मंद गति से हो रहा निर्माण



तीन साल के करीब बीता समय, अभी भी पुराने भवन में ही हो रहा संचालित

**जागरण, रीवा।** जय स्तंभ चौराहे के समीप मप्र गृह निर्माण कार्यालय के सामने केन्द्रीय पुस्तकालय भवन का निर्माण गृह निर्माण मण्डल द्वारा ही करवाया जा रहा है, जिसके निर्माण को लगभग 3 वर्ष होने को आया किन्तु भवन अभी तक पूर्ण नहीं हुआ, कार्य तो चल रहा है किन्तु बहुत ही मंद गति से पूर्व में कई-कई दिनों तक यहां कार्य बंद ही रहता था, बताते हैं शुरुआत में ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य रोक दिया गया था इतना ही नहीं मजदूरों को भी उसके द्वारा भुगतान नहीं किया गया था, जिससे काफी समय तक यहां का कार्य बंद रहा, इसके पश्चात फिर से कार्य रोक दिया गया, बताया जाता है उस दौरान यहां खर्च की जाने वाली राशि किसी अन्य कार्य में खर्च कर दी गई थी। इसके बाद कार्य शुरू हुआ, जो कभी चालू रहता है तो कभी बंद रहता है। जिससे भवन अभी भी अपूर्ण ही है। केन्द्रीय पुस्तकालय पुराने भवन में ही संचालित किया जा रहा है, जिसमें पाठकों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है, जितने पाठक अंदर आ जाते हैं उन्हें बैठा दिया जाता है, बाकी चक्कर काटते रहते हैं, कहने को यहां पाठकों के साथ विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर वगैरह भी आए हैं, किन्तु ऑपरेटर के अभाव में कम्प्यूटर पड़े धूल खा रहे हैं, लंबे समय से यहां प्रभारी का अभाव रहा है, कर्मचारियों की कमी है, गत वर्ष पाठ्य-पुस्तकें भी नहीं आई, जिसके चलते पुस्तकालय का संचालन प्रभावित हो गया, भवन बनने के बाद भी इसका संचालन बेहतर हो पाएगा अथवा नहीं, फिलहाल कहना मुश्किल है।

# अब केवल 6 घंटे रुकना होगा प्राध्यापकों को, प्राचार्य स्थानीय आदेश के इंतजार में बैठे

### मनमानी तरीके से ली जा रही सेवा, उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के बाद भी नहीं हुआ अमल

**जागरण,रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अब प्राध्यापकों को कॉलेजों में कम से कम 6 घंटे रुकना होगा। वहीं कर्मचारियों के संबंध में कोई स्पष्ट आदेश नहीं जारी किया गया है। इसके साथ ही सार्थक एप पर कम उपस्थिति लगाई जा रही है, इस पर भी कसावट लाने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में सभी प्राध्यापकों व अतिथि विद्वानों को 6 घंटे 40 मिनट आवश्यक रूप से कॉलेजों में रुकना जरूरी था। जारी आदेश में कहा गया है कि कॉलेजों में कार्यरत समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संवर्ग की उपस्थिति सार्थक एप से नियमित दर्ज करना अनिवार्य है। सार्थक एनेलिटिकल डैशबोर्ड के द्वारा समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संवर्ग की दैनिक एवं मासिक उपस्थिति की रिपोर्ट महाविद्यालय के प्राचार्य को उपलब्ध कराई जा रही है। सार्थक एप पोर्टल से उपस्थिति की समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया है कि अधिकांश महाविद्यालयों की अप्रैल 2026 की मासिक प्रदर्शन रिपोर्ट कम पाई गई है। इसलिए सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संवर्ग के अधिकारी.कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि सार्थक एप द्वारा नियमित उपस्थिति दर्ज करें एवं क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक अपने क्षेत्रान्तर्गत महाविद्यालयों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करें, यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति संतोषप्रद नहीं पाई जाती है तो कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### प्राचार्य नहीं मान रहे आदेश

बता दे कि उच्च शिक्षा विभाग से इस प्रकार के आदेश जारी तो हुए हैं लेकिन इसका पालन प्राचार्य नहीं कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि कई जगहों पर अभी प्राध्यापकों व अतिथि विद्वानों को 6घंटे 40 मिनट की सेवा देनी पड़ रही है। प्राचार्यो का कहना है कि पूर्व एडी ने 6 घंटे 40 मिनट के लिए आदेश जारी किए थे, उच्च शिक्षा आयुक्त का आदेश तो आया है लेकिन पूर्व में जारी किए गए एडी के आदेश के लिए एडी रीवा से कोई आदेश जारी नहीं हुआ, इस वजह से पूर्व के आदेश को मान्य रखा गया है। जबकि जानकारों का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद एडी रीवा द्वारा जारी किया गया आदेश निरस्त हो चुका है लेकिन कुछ प्राचार्य प्राध्यापक व अतिथि विद्वानों को परेशान करने की मंशा से ऐसा कर रहे हैं।

### वेतन के लिए एडी की अनुमति

पत्र में उल्लेख किया गया है कि किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की सार्थक एप पर नियमित उपस्थिति नहीं पाई गई तो संबंधित का वेतन आहरण क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक के अनुमोदन के उपरांत ही करें। डिफॉल्टरों की सूची जारी होगी। आदेश में कहा गया है कि अपनी उपस्थिति चेक-इन और चेक-आउट नियमित रूप से दर्ज कराएं क्योंकि अब से उपस्थिति की रिपोर्ट एवं डिफॉल्टरों की सूची जिला और संभाग स्तर के अधिकारियों के साथ साझा की जाएगी। अप्रैल पेड मई का समस्त शैक्षणिक संवर्ग प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारी, अतिथि संकाय, जनभागीदारी आदि एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग का वेतन पत्रक उपरोक्त बिंदुओं के आधार पर ही तैयार किया जाए।

# मुंबई के टीवी सिंगरों के बीच हुआ कव्वाली का जंगी मुकाबला

### घोघर में रात भर सजी रही सूफियाना कव्वाली की महफिल



**रीवा।** घोघर स्थिति हजरत मकबूल शाह दाता व हजरत खाकी शाह दाता का उर्स में एक बार फिर गंगा जमुनी तहजीब और सांस्कृतिक परंपरा की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। इस दौरान आरिफ नांजा टीवी सिंगर बाम्बे व आवेश जाहिद नाजा (टी. वी सिंगर बाम्बे) के बीच कव्वाली का जंगी मुकाबला हुआ जिसकी रातभर महफिल सजी रही। कमेटी अध्यक्ष शहीद मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आगे भी इसी तरह लगातार जारी रखी जाएगी। कार्यक्रम शहर के कई नेताओं को आमंत्रित किया गया था लेकिन पं. बालेन्द्र शुक्ला के अलावा कोई नहीं पहुंचा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता पं बालेन्द्र शुक्ला ने कहा कि मै आपका साथी हूं नेता नहीं, जब कभी भी मेरी जरूरत होगी मैं हाजिर रहूंगा। मुस्लिम समाज को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा हर वर्ग का साथ दिया है और भविष्य में भी किसी भी मुश्किल परिस्थिति में समाज के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जनता उनके लिए राजनीति से ऊपर है और वे वोट मांगने नहीं बल्कि रिश्ते निभाने आए हैं। इस अवसर समाज के आयोजकों सहित काफी तादात में लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता परिषद का पांच दिवसीय स्वच्छता अभियान समाप्त

**रीवा।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला इकाई द्वारा पांच दिवसीय स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को समापन सत्र में नगर निगम कि टीम को अपने साथ लेकर भूतल में हॉल कि सफाई कि गई। साथ ही बाथरूम आदि कि सफाई नगर निगम कि टीम और अधिवक्ता परिषद की उपस्थिति में किया गया। सफाई अभियान में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संतोष अवधिया, प्रांतीय सदस्य वैद्य पुरुषोत्तम पाठक, रामाधार कुशवाहा, रुद्रम तिवारी, सुभाष वर्मा, गोपाल जी त्रिपाठी, कमलेश्वर दुबे, पंकज तिवारी, राकेश पांडे, कौशलेंद्र सिंह, विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक रघुवंश प्रताप, शशि तिवारी, एवं अन्य अधिवक्ताओं के साथ नगर निगम कि टीम शामिल रही।

## भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस 09 जून को



**रीवा।** धरती आबा क्रांतिवीर अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा जी का 126वां अमर बलिदान दिवस 09 जून को जिला मुख्यालय में मनाए जाने हेतु मध्यप्रदेश कोल आदिवासी समाज सेवा संघ जिला इकाई की तैयारी बैठक सिविल लाइन में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल के निवास पर सम्पन्न हुई। तैयारी बैठक में जिला इकाई रीवा के पदाधिकारी अध्यक्ष/सचिव सहित रामकुमार कोल राजेश कोल, रामबहोर रावत व्याख्याता,हीरालाल कोल,आर एस कोल मनोज रावत विजय कोल आनंद कुमार रावत,रीवा बरा के सरपंच सोमेश कुमार रावत उपस्थित रहे। वही संगठन के कई प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना सुझाव दिए जिनमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दादा बसंत लाल कोल, प्रदेश संयोजक इंजीनियर मिठाई लाल कोल, प्रदेश कोषाध्यक्ष इंजीनियर एस बी रावत, प्रदेश सचिव मुन्ना लाल रावत शामिल हैं। कार्यक्रम के दिन ही राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन पत्र सौंपा जाएगा।

## प्रवेश को लेकर कुलगुरु ने दिए दिशा-निर्देश

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, रविवार को कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने सभी विभाग प्रमुखों के साथ आवश्यक बैठक का दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी छात्रों तक पहुंचाई जाए ताकि उन्हें इस बात की जानकारी हो सके। इसके साथ ही विवि द्वारा सोशल मीडिया में भी प्रचार-प्रसार किए जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

डॉ. नीरज कुमार दुबे
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ENT)
कान-नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
माइक्रोस्कोपिक एवं एंडोस्कोपिक ई.एन.टी. सर्जन
परामर्श स्थल:
अंशिका मेडिकल्स
सभी प्रकार की दवाइयों के विक्रेता 7089196877
पता:- न्यू बस स्टैण्ड के आगे, फूलमती मन्दिर के पहले, पीटीएस रोड, रीवा (म.प्र.)
कान-नाक एवं गले से संबंधित निम्न बीमारियों के समुचित उपचार के लिए संपर्क करें
कान के पर्दे में छिद्र एवं कान की हड्डी में गलन एवं कान से मवाद आना (CSOM)
कान में सीटी बजना या सनसनाहट (Tinitus) कम सुनाई देना एवं चक्कर आना (Vertigo)
पुरानी सर्दी जुकाम, साइनस की बीमारी (SINUSITIS) ज्यादा, बार-बार छींके आना एवं allergy से नाक बहना। (Allergic Rhinitis)
नाक की हड्डी का टेढ़ापन (DNS), नाक के अंदर गठान, Polyp Mass etc)
बच्चों में बार-बार गले का इंफेक्शन एवं मुंह खोलकर सांस लेना, खर्राटे लेना (Tonsillitis, Adenoid Hypertrophy)
कान-नाक एवं गले से संबंधित अन्य कोई बीमारी या गठान की दूरबीन द्वारा जांचे एवं उपचार
माइक्रोस्कोप एवं एंडोस्कोप (दूरबीन) द्वारा कान,नाक एवं गले से संबंधित ऑपरेशन, (Tympanoplasty, FESS, Septoplasty, Tonsillectomy etc)


विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड

MP BIRLA GROUP

पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, डाकघर-चोरहटा, रीवा - 486 006 (म.प्र.)
CIN: L31300MP1983PLC002134
Telephone No: 07662-400400, Fax No: 07662-400591
Email: headoffice@vtlrewa.com; Website: www.vtlrewa.com

31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश

(लाख ₹ में)

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.12.2025 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 100929.67 | 71655.98 | 123121.61 | 359320.79 | 405440.17 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 13785.67 | (93.64) | 14816.00 | 29201.86 | 26963.94 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 13785.67 | (93.64) | 14816.00 | 29201.86 | 26963.94 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 10347.13 | (103.91) | 10994.33 | 22017.63 | 20284.32 |
| 5 | समयाअवधि के लिए कुल विस्तृत आय [ समयाअवधि के लिए (कर पश्चात) सम्मलित लाभ/ (हानि) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) ] | (1654.14) | (2693.25) | (1536.95) | 13817.07 | 13051.71 |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश आय मूल्य रु.10/- प्रति) | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 |
| 7 | आरक्षतियाँ (पुनर्मुल्यांकन आरक्षित को छोड़ कर) | | | | 395258.06 | 383409.65 |
| 8 | आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (रु. 10/- प्रति अंश) (वार्षिककरण रहित) | 87.31 | (0.88) | 92.77 | 185.79 | 171.16 |

कम्पनी की अंकेक्षित एकांगी मुख्य वित्तीय सूचनाएं इस प्रकार हैं:

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.12.2025 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2026 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 100502.02 | 71055.21 | 123064.85 | 356628.58 | 405383.41 |
| 2 | कर के पूर्व लाभ/ (हानि) | 2592.60 | (2595.33) | 5129.09 | 6822.35 | 15195.88 |
| 3 | कर के पश्चात लाभ/ (हानि) | 1984.59 | (1966.49) | 3814.97 | 5278.71 | 11547.60 |
| 4 | समयाअवधि के लिए कुल विस्तृत आय [ समयाअवधि के लिए (कर पश्चात) सम्मलित लाभ/ (हानि) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) ] | 459.45 | (2895.18) | 115.44 | 4129.50 | 7002.25 |

टिप्पणियां: (1) संचालक मण्डल ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए 10/- रुपये अंकित मूल्य के पूर्णप्रदत्त समता अंश पर 6/- रुपये (60%) प्रति अंश लाभांश की अनुशंसा की है। लाभांश का भुगतान कम्पनी के आगामी वार्षिक साधारण सभा में अंशधारकों के अनुमोदन पर निर्भर है।

(2) उपरोक्त विवरण कम्पनी के 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित एवं एकांगी वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है जो कि सेबी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। उपरोक्त तिमाही एवं वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.vtlrewa.com पर भी उपलब्ध हैं। दिए गए क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड को स्कैन करके भी इस पर पहुंचा जा सकता है।

(3) 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी ("अंतरिती कंपनी " या "कंपनी") के निदेशक मंडल ने 21 मार्च, 2026 के अपने प्रस्तावों के माध्यम से, बिरला केबल लिमिटेड ("अंतरणकर्ता कंपनी ") और कंपनी तथा उनके संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों के बीच समामेलन योजना (योजना) को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 और अन्य लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के अनुसार, अंतरणकर्ता कंपनी का कंपनी में 1 अप्रैल, 2026 की निर्धारित तिथि से समामेलन करने के लिए अनुमोदित किया।

योजना के प्रभावी होने पर, अंतरणकर्ता कंपनी भंग हो जाएगी और अंतरिती कंपनी द्वारा, अंतरणकर्ता कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों को (अंतरिती कंपनी को छोड़कर), अंतरणकर्ता कंपनी में उनके द्वारा धारित ₹10/- अंकित मूल्य वाले प्रत्येक 115 पूर्णतः चुकता इक्विटी शेयरों के बदले,अंतरिती कंपनी के ₹10/- अंकित मूल्य वाले 10 पूर्णतः चुकता इक्विटी शेयर जारी और आवंटित करेगी। अंतरणकर्ता कंपनी में अंतरिती कंपनी द्वारा धारित शेयर तथा इसके विपरीत धारित शेयर निरस्त एवं रद्द माने जाएंगे।

कंपनी ने इस योजना के लिए बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) से अनापत्ति/निरीक्षण पत्र प्राप्त करने हेतु आवश्यक आवेदन दाखिल कर दिए हैं। प्रस्तावित योजना लागू कानूनों के तहत आवश्यक वैधानिक और नियामक अनुमोदनों के अधीन है, जिसमें संबंधित माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ("एनसीएलटी") का अनुमोदन भी शामिल है।

दिनांक : 23 मई, 2026
स्थान : नई दिल्ली

कृते विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड
(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094

# आज से नौतपा, 44 डिग्री पर पहुंचा पारा

## अब न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29 डिग्री पर पहुंचा दिन के साथ लोगों को रात्रि में भी गर्मी से राहत नहीं, आज से लगेगा नौतपा



**जागरण, रीवा।** अभी तक तो अधिकतम तापमान में दो-दो डिग्री सेल्सियस का उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा था किन्तु शनिवार की अपेक्षा रविवार को न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29 डिग्री पर पहुंच गया। जबकि अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस रहा, इसके में भी शनिवार की अपेक्षा कुछ बढ़त हुई है। दिन में तो लोग मारे गर्मी और आग उगलते सूर्यदेवता की तपन से हलाकान हैं, साथ ही रात्रि में भी गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। न्यूनतम तापमान बढ़ने से पंखे, कूलर तो किसी काम के नहीं रहे, एयर कंडीशनर भी जवाब देने लगे हैं। लोगों ने बताया कि गर्मी तो उन्होंने पूर्व में भी देखी, सहन की है, किन्तु इस बार की गर्मी अपना अलग ही रूप दिखा रही है, जो तापमान नौतपा के दौरान दर्ज किया जाता था वह नौतपा के दस दिन पूर्व से ही दर्ज हो रहा है, जिससे लोग घरों से निकलने को तैयार नहीं। इस गर्मी से लोग जहां घमोरियों से परेशान है वहीं त्वचा संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। दोपहर में लू का असर साफ देखने को मिल रहा है। लोग लू के चलते उल्टी, दस्त जैसी समस्याओं का भी का भी सामना कर रहे हैं। मौसमी बीमारियों को लेकर अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। आज से नौतपा लगेगा, आगामी नौ दिनों तक और भी गर्मी बढ़ने के आसार हैं, क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं है। मौसम शुष्क रहने की संभावना के साथ ही जिले में कहीं-कहीं तीव्र उष्ण लहर चलने की संभावना भी जताई गई है।

# घर में कब्जा करने हरे पेड़ों को काटने का आरोप



**अतरैला थाना क्षेत्र का मामला पीड़ित ने कार्रवाई के लिए लगाई गुहार**

**जागरण, रीवा।** अतरैला थाना क्षेत्र में जबरन कब्जे और दबंगई का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने ही घर पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की कोशिश और हरे-भरे पेड़ों की कटाई सहित जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार अतरैला निवासी बुद्धि लाल प्रजापति ने आरोप लगाया है कि कुछ सरहंगो द्वारा उनके घर पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी 10-12 लोगों के साथ घर में घुस आए और हरे-भरे पेड़ों को काटते हुए जालीदार एंगल गाड़कर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद उसने अतरैला थाना में शिकायत दर्ज कराई है, साथ ही तहसील कार्यालय से लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई तक कई बार आवेदन दे चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित बुद्धि लाल प्रजापति ने शासन-प्रशासन से जान माल की सुरक्षा के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

# महिलाओं से चेन स्नैचिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने शहर में निकाला जुलूस

## विश्वविद्यालय थाना पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी



**जागरण, रीवा।** शहर में आटो और दो पहिया वाहनों में महिलाओं को टार्गेट कर चेन स्नैचिंग करने वाले दो आरोपियों को विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों का पुलिस ने रविवार को शहर में जुलूस निकला। दोनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में किया है। ताजा घटनाक्रम विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में 22 मई को सामने आया था। दोपहर में दिनदहाड़े एक महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। महिला शहर से आटो में सवार होकर अपने गांव जा रही थी। पीड़िता खुशबू दुबे पति मनीष मिश्रा 20 वर्ष निवासी नवागांव थाना सगरा ने विश्वविद्यालय थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि शहर के सिरमौर चौराहे से वह अपनी मां के साथ ऑटो में बैठकर अपने घर नवागांव जा रही थी रास्ते में एक सफेद गुलाबी स्कूटी वाहन में सवार दो अज्ञात लड़कों द्वारा ऑटो के बगल से स्कूटी सटाया और स्कूटी के पीछे बैठा व्यक्ति झपट्टा मार कर गले से मंगलसूत्र छीन ले गया। शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू की जिसके बाद इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने संदेहियों को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ शुरू की, जिस पर आरोपियों ने घटना कारित करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन तथा चोरी किये गये सोने की मंगलसूत्र को आरोपियों के कब्जे से जब्त कर लिया है।

### ये आरोपी पकड़ाए

विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्र नाश शर्मा ने बताया कि आटो एवं दो पहिया वाहनो में यात्रा करने वाली महिला के गले व पर्स से झपटमारी करने वाले 02 नफर आरोपी पकड़े गए है। आरोपी विवेक उर्फ अंशू भारती पिता सुरेन्द्र भारती 23 वर्ष निवासी वार्ड 28 धोबिया टंकी थाना सिटी कोतवाली व चिराग उदासीन पिता धर्मदास उदासीन 23 वर्ष निवासी तोपखाना के पास सिंधी कैम्प थाना बिछिया को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त स्कूटी और झपटमारी कर लूटा गया मंगलसूत्र बरामद किया है।

# पड़ोसी को छत से धक्का देकर नाबालिग ने उतारा मौत के घाट

**जागरण, रीवा।** समान थाना अंतर्गत बाणसागर कॉलोनी में पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति को धक्का देकर नाबालिग ने मौत के घाट उतार दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने नाबालिग के विरुद्ध हत्या की धारा के प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिससे वारदात के संबंध में पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार बाणसागर कॉलोनी में रहने वाले चन्द्रशेखर पिता श्यामलाल यादव (44) को दो दिन पूर्व उसी के पड़ोस में रहने वाले नाबालिग ने उन्हीं की छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही समान थाना पुलिस अस्पताल पहुंची जहां मृतक के शव का पीएम कराते हुए जानकारी जुटाई तो पता चला कि मृतक की नाबालिग से पुरानी रंजिश चल रही थी। घटना दिनांक को नाबालिग मृतक की छत पर पहुंचा और उसे छत से धक्का दे दिया। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मामले के आरोपी नाबालिग के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# बांदा के रैपुरा जंगल में मिला निपनिया से लापता युवक का शव

**जागरण, रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत निपनिया मोहल्ले से लापता हुए युवक का शव एक सप्ताह पर उप्र के बांदा जिले के रैपुरा जंगल के बीच मिलने की आशंका है। कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां शिनाख्त के लिए मृतक के परिजनों का बुलाया गया। शंका के आधार पर पुलिस ने युवक के मित्र को हिरासत में लिया है। सोमवार को मृतक के परिजन बांदा पहुंचेंगे जहां शिनाख्त के पश्चात मामले की अग्रिम कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा शुरू की जाएगी। मामले को लेकर बताया कि निपनिया मोहल्ले में रहने वाले अनूप पिता धर्मेन्द्र सेन (21) करीब सप्ताह भर पूर्व अपने एक करीबी मित्र के साथ लापता हुआ था। जिसकी गुमशुदगी परिजनों द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। जिसमें उसके करीबी मित्र का नाम सामने आया था, परिजन भी अनूप की तलाश कर रहे थे। इसी बीच पड़ोसी राज्य उप्र के बांदा स्थित शहपुरा थाना क्षेत्र के रैपुरा जंगल में एक युवक की लाश मिलने की सूचना प्राप्त हुई। प्रथम जांच पर पुलिस को निपनिया क्षेत्र से लापता हुए अनूप सेन की आशंका हुई, जिस पर कोतवाली पुलिस की टीम रविवार को उसके करीबी मित्र को लेकर मौके पर पहुंची, किन्तु अनूप के परिजन नहीं पहुंच पाए। मृतक के शव को शहपुरा पुलिस ने मर्चुरी में रखवाया है। जिसकी शिनाख्त सोमवार को होगी। लापता अनूप के परिजनों ने उसी के मित्र पर हत्या की आशंका जाहिर की थी, जिसकी पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

# एसएएफ जवान के पुत्र को शादी से इंकार करना पड़ा भारी

**शिकायत पर पर युवक को भेजा गया जेल**

**जागरण, रीवा।** पूर्व से चल रहे प्रेम प्रसंग के दौरान शादी के प्रस्ताव को ठोकर मारना एक एसएएफ जवान के पुत्र को महंगा पड़ गया। युवती ने शादी करने से मना करने पर युवक के विरुद्ध थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामला बिछिया थाना क्षेत्र का बताया गया है, डभौरा क्षेत्र में रहने वाली 27 वर्षीय युवती वर्तमान में पुलिस लाइन स्थित अपने किसी रिश्तेदार के यहां रह रही थी, जबकि वहीं पर अतरैला थाना क्षेत्र के रहने वाले एसएएफ जवान का परिवार रह रहा है। बताते हैं एसएएफ जवान के पुत्र रजनीश कोल का युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, इसी बात से नाराज युवती बिछिया थान पहुंची और शनिवार देर शाम युवक के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धारा 69 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर रविवार सुबह रजनीश कोल को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई जहां पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# सिलपरा नहर में लापता मकैनिक की तलाश कर रही एसडीआरएफ की टीम



## बाइक और चप्पल मिलने के बाद शुरू हुई थी तलाश

**जागरण, रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र के धोबिया टंकी निवासी एक मकैनिक युवक 18 मई से लापता था। युवक की गुमशुदगी की शिकायत परिजनों ने अमहिया थाना में की थी। बताया गया कि लापता युवक अरुण विश्वकर्मा की बाइक और चप्पल सिलपरा नहर के किनारे मिली थी। जिसकी सूचना के बाद पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से सर्चिंग शुरू कराई, लेकिन अब तक युवक का पता खबर लिखे जाने तक नहीं लग सका है। व्यापारी की तलाश मे बीते चार दिनों से एसडीआरएफ की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। बताया जा रहा है कि अब पानी के अंदर सर्च ऑपरेशन चलाने के लिए बनारस से गोताखोरों की टीम बुलाई गई है। नहर के ऊपर चप्पल और बाइक मिलने के बाद युवक के नहर में डूबने की आशंका जताई गई इसके बाद से उसकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है लेकिन करीब एक सप्ताह बाद भी युवक का अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। परिजन नहर का पानी बंद कराए जाने की मांग कर रहे हैं, ताकि युवक को तलाश करने में आसानी हो सके। इधर सर्चिंग के बावजूद भी युवक का सुराग नहीं मिलने के बाद अब पानी के अंदर उतरने वाली पनडुब्बियों को बनारस से रीवा बुलाया गया है, जो संभवतः सोमवार तक रीवा पहुंचेगी और एक बार फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

# चुनाव के बाद न्यायालय परिसर पटा प्रचार पोस्टरों से



**जागरण, रीवा।** पिछले दिनों अधिवता संघ के चुनाव संपन्न हुए, जिसके लिए विभिन्न पदों के लिए मैदान में डटे अधिवक्ताओं ने अपने पक्ष में प्रचार के उद्देश्य से पोस्टर छपवाए थे, जिनमें उनके फोटो के साथ ही उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की गई थी, निमानुसार न्यायालय परिसर अथवा भवन में किसी प्रकार के पोस्टर बिना अनुमति के चिपकाने का प्रावधान ही नहीं है, फिर भी यहां पोस्टर चिपकाए गए, किन्तु मतदान के पूर्व उन पोस्टरों को हटाया नहीं गया, जैसा की अन्य चुनावों में हटाए जाने का प्रावधान है। चुनाव हुए एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत गया, किन्तु चुनाव के पूर्व लगाए गए पोस्टर आज भी प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इन पोस्टरों को अभी भी हटवाए जाने की जहमत नहीं उठाई जा रही।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनु. हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)**
प्रकरण क्रमांक/0052/अ-6-अ/2026-27
रीवा, दिनांक 20.05.2026

**इश्तहार प्रकाशन**

1. नन्दलाल साकेत पिता जवाहरलाल साकेत 2. श्रीमती संगीता साकेत उर्फ आशा साकेत पति नंदलाल साकेत दोनो निवासी ग्राम नवागांव, तहसील हुजूर जिला-रीवा (म.प्र.)
............ आवेदकगण
बनाम
शासन (म.प्र.)
................अनावेदक

आवेदकगण नन्दलाल साकेत पिता जवाहरलाल साकेत एवं श्रीमती संगीता साकेत उर्फ आशा साकेत पति नंदलाल साकेत, दोनो निवासी ग्राम नवागांव, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-115 सह-पठित धारा-32 के तहत आराजी नम्बर 656 रकवा 0.3200 हे. एवं आराजी नम्बर 654 रकवा 0.1380 हे. के खसरा में त्रुटिपूर्ण दर्ज नाम नन्दलाल पिता जमाहिर के बजाय सही नाम नन्दलाल साकेत पिता जवाहरलाल साकेत एवं श्रीमती आशा पत्नी नन्दलाल साकेत के बजाय सही नाम संगीता साकेत उर्फ आशा साकेत पत्नी नन्दलाल साकेत सुधार किये जाने बावत खसरा सुधार आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में अगली पेशी दिनांक 26.05.2026 नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण के सम्बंध में कोई आपत्ति हो, तो उक्त निर्धारित तिथि दिनांक 26.05.2026 न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, तहसील हुजूर, जिला रीवा के समक्ष अपनी आपत्ति पेश कर सकते हैं।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुभाग हुजूर,
RN- 87526 जिला- रीवा (म.प्र.)

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# सोहागी पहाड़ में अनियंत्रित होकर पलटी बस, मेंटिनेंस के लिए जा रही थी चाकघाट

## चालक खलासी सुरक्षित



**जागरण, रीवा।** सोहागी पहाड़ में एक बस अनियंत्रित होकल पलट गई। गनीमत रही की बस में यात्री सवार नहीं थे। बताया जा रहा है कि चालक खलासी बस को चाकघाट मेंटिनेंस कराने के लिए ले जा रहे थे, जैसे ही बस सोहागी पहाड़ पहुंची, चालक ने वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। हादसे के वक्त बस में ड्राइवर और खलासी सहित चार से पांच लोग सवार थे जिनमें एक दो लोगों को मामूली चोटे आई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सोहागी थाना प्रभारी कमलेश साहू दलबल के साथ राहत बचाव कार्य करते हुए बस में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाले और जेसीबी की मदद से बस को सड़क से किनारे कर आवागमन को बहाल कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्ला ट्रेवल्स की बस शनिवार को रीवा से चाकघाट के लिए रवाना हुई थी जो कटरा के समीप खराब हो गई। बताया गया कि बस को रविवार को चालक और खलासी सहित अन्य लोग मिलकर कटरा से रिपेयरिंग के लिए चाकघाट लेकर जा रहे थे तभी सोहागी पहाड़ में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। राहत की बात यह है कि हादसे के वक्त बस में यात्री सवार नहीं थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग रीवा (म.प्र.)**
Email: cepwdnbrewa@nic.in Phone No.: 07662-250274

**निविदा सूचना**

निविदा आमंत्रण क्र. 01/SAC/E-Tender/2026-27 रीवा, दिनांक 15.05.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | Call No. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_508799_1 | Emergency Work | Emergency Work (Short Term Rectification Of Black Spot) And Survey Vedio Graphy in Patna Tamoli Town Portion At NH 943 Pawai - Jaso - saleha - Nagod Road Length 6.20 Km | First Call | 2000/- | 1693982.00 | 33880.00 | 45 Days |
| 2 | 2026_PWDRB_508800_1 | Emergency Work | Emergency Work (Short Term Rectification Of Black Spot) As per verious complain in Jaso Town Portion At NH 943 Pawai - Jaso - saleha - Nagod Road Length 4.40 Km | First Call | 2000/- | 1694927,00 | 33899.00 | 45 Days |
| 3 | 026_PWDRB_508803_1 | Emergency Work | Emergency Work (Short Term Rectification Of Black Spot) As per verious complain in Kaithi Padariya Town Portion At NH 943 Pawai-Jaso-saleha - Nagod Road Length 4.70 Km | First Call | 2000/- | 1692149.00 | 33843.00 | 45 Days |
| 4 | 026_PWDRB_508804_1 | Emergency Work | Emergency Work (Short Term Rectification Of Black Spot) As per verious complain in Nagod Town Portion At NH 943 Pawai Jaso-saleha - Nagod Road Length 3.20 Km | First Call | 2000/- | 1690358.00 | 33807.00 | 45 Days |

निविदा फार्म Online भुगतान कर 30.05.2026 को शाम 5:30 तक क्रय किए जा सकते हैं। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वैबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यातयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संसोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा केवल वेवसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

निविदा दिनांक 01.06.2026 को खोली जावेगी।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग ( म.प्र. )

G-13317/26

**आवश्यकता है**

रीवा शहर में शाकाहारी खाना बनाने हेतु (Cook) की एवं घरेलू कार्य हेतु दंपति की आवश्यकता है, रहने की सुविधा उपलब्ध है। मिलने का समय सुबह 10.00 से 6.00 बजे तक। मो. 9425735577, 8770082649
RN-85294 (25/5)

**कास्ता पाइप बेचना है**
**अजय ट्रेडिंग कंपनी** गोलपार्क पुराना बस स्टैण्ड रीवा कास्ता पाइप के **लिए संपर्क करें:- 9425185028**
RN-87512 (12/6)

**लोन**
**लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944**

# टूटे पुल पर भारी टैंकर हादसे ने उड़ाए सिस्टम के होश



**जागरण, रीवा।** रतहरा से चोरहटा मार्ग पर नदी के ऊपर बना पुल बदहाल व्यवस्था निर्माण एजेन्सियों की मनमानी और जिम्मेदार विभागों की चुप्पी का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। स्थानीय लोगों व सूत्रों का आरोप है कि करोड़ों रुपए कर लागत से चल रहे सड़क व पुल निर्माण कार्य के दौरान भारी मशीनों और अत्यधिक कंपन का उपयोग किया गया, जिससे पुराने पुल की नींव कमजोर होगई। जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे नजर अंदाज कर रखा धीरे-धीरे पुल का हालत इतनी कमजोर हो गई के उसे बंद करना पड़ा। हैरानी की बात है कि पुल क्षतिग्रस्त होने के एक महीने बाद भी मरम्मत कार्य रफ्तार नहीं पकड़ सका। एमपीआरडीसी द्वारा परीक्षण के बाद पुल को केवर मोटरसाइकिल और हल्के चार पहिया वाहनों के लिए सीमित रूप से खाला गया लेकिन आरोप है कि केसीसी कंपनी ने नियमों की धजियां उड़ाते हुए अपनेभारी वाहनों का आवागमन लगातार जारी रखा। इसी लापरवाही के चलते बीती शाम बड़ा हादसा हो गया। कंपनी के कार्य में लगा भारी पेट्रोलियम टैंकर क्षतिग्रस्त पुल क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसने पूरे सिस्टम की पोल खोलकर रख दी। सड़क पर बिखरे पत्थर, टूटे हिस्से और क्षतिग्रस्त टैंकर साफ बता रहे हैं कि सुरक्षा इंतजाम सिर्फ कागजों पर सीमित है। दुर्घटनाग्रस्त टैंकर का नंबर यूके-08-सीए-6914 बताया जा रहा जा रहा है जो बिना वैध नेशनल परमिट के खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहा था। जिस पर न तो परिवहन विभाग न ही आरटीओ की नजर पड़ी।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग (भ / स), शहडोल संभाग, शहडोल (म.प्र.)**
Website: www.mppwd.gov.in Email :- eepwdvshahdol@nic.in
Phone No. 07652-240308 Fax No. 07652-245511

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 02 /2026-27 दिनांक 20.05.2026


निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा फार्म (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_508971_1 | शहडोल | संभाग शहडोल के उपसंभाग शहडोल के खमरिया से डाखर, नरवार तिराहा से कुवर सेझा, हर्राटोला, हथगला से द्वितीय बलवहरा, ऐताझर से दूधी एवं मरजाद से चाका कुल लं. 19.07 किमी. में मार्गों के रख-रखाव मरम्मत कार्य पी. बी.एम.सी.। | द्वितीय | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर | 388.61 | 388610/- | 15000/- |
| 2 | 2026_PWDRB_508990_1 | शहडोल | संभाग शहडोल अन्तर्गत उपसंभाग शहडोल के फतेहपुर से ऐताहार,जुरूगू से रोसली, धनौरा गरफदिया- बम्हौरी द्वितीय एवं उधिया से छाता कुल लं. 12.92 किमी. में मार्गों के रख-रखाव मरम्मत कार्य पी.बी.एम.सी.। | द्वितीय | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर | 281.55 | 281550/- | 15000/- |
| 3 | 2026_PWDRB_509000_1 | शहडोल | संभाग शहडोल के उपसंभाग ब्यौहारी ब्लाक जयसिंहनगर झारा से कीट वाया चिंतरांव मार्ग, खर्रा टोला से प्रथम नवाटोला पहुंच मार्ग, कुरान टोला मार्ग एवं ब्यौहारी मानपुर मार्ग लम्बाई 4.40 किमी. का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य एस.टी.एम.सी. | प्रथम | 04 माह वर्षाऋतु छोड़कर | 164.56 | 164560/- | 12500/- |
| 4 | 2026_PWDRB_509043_1 | शहडोल | संभाग शहडोल अन्तर्गत आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत एवं रंगाई-पोताई का कार्य। (जोनल वर्क) | प्रथम | 31.03.2027 तक | 50.00 | 50000/- | 5000/- |
| 5 | 2026_PWDRB_509051_1 | शहडोल | शहडोल पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के पुराने परिसर में स्थित बालक छात्रावास के भौतिक अधोसंरचना प्रथम एवं अन्य कार्य। (डीएमएफ) | प्रथम | 04 माह वर्षाऋतु सहित | 42.38 | 50000/- | 5000/- |
| 6 | 2026_PWDRB_509072_1 | शहडोल | शहडोल संभाग अन्तर्गत व्हीव्ही0आई0पी0 प्रोग्राम हेतु मंच, हेलीपैड, बैरीकेटिंग एवं मार्ग निर्माण इत्यादि आवश्यक कार्य। | प्रथम | 31.03.2027 तक | 42.21 | 50000/- | 5000/- |
| 7 | 2026_PWDRB_509083_1 | शहडोल | शहडोल संभाग अन्तर्गत व्हीव्ही0आई0पी0 प्रोग्राम हेतु आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मरम्मत एवं प्रथम जीर्णोद्धार व रंगाई पोताई का कार्य। | प्रथम | 31.03.2027 तक | 41.10 | 50000/- | 5000/- |
| | | | | | TOTAL | 1010.41 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 20.05. 2026 से अंतिम तिथि 03.06.2028 सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेवसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाइट में किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग ( भ/स )
शहडोल संभाग शहडोल ( म0प्र0 )

G-13354/26



## कुल्लू में 7 फुट बर्फ में टूरिस्ट की मस्ती

**शिमला/मनाली, जेएनएन।** देश में जब भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं तो मई के आखिरी सप्ताह में भी टूरिस्ट हिमाचल में लाइव स्नोफॉल का मजा ले रहे हैं। रोहतांग दर्रा खुलते ही बर्फ देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पिछले 4 दिन में लगभग 25 हजार टूरिस्ट रोहतांग पहुंच गए हैं। वहीं कुल्लू में सड़क के दोनों ओर 5 से 7 फुट ऊंची बर्फ की दीवार टूरिस्ट को रोमांचित कर रही है। हालांकि भारी ट्रैफिक जाम टूरिस्ट को परेशान कर रहा है।

# पाक के बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 26 की मौत

### जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे, सैन्य कर्मियों को ले जा रही ट्रेन की बोगी खाक

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के क्वेटा में रविवार सुबह एक बड़ा आतंकी हमला हुआ, जब बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के मजीद ब्रिगेड के एक आत्मघाती हमलावर ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को निशाना बनाकर जोरदार विस्फोट कर दिया। धमाका इतना भीषण था कि ट्रेन की एक बोगी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस हमले में अब तक कम से कम 26 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 70 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने इसे सुनियोजित फिदायीन हमला करार दिया है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**चमन फाटक के पास हुआ बड़ा विस्फोट:** जानकारी के मुताबिक, जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा कैंट से सैन्य कर्मियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान चमन फाटक के पास रेलवे ट्रैक के नजदीक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। धमाके की चपेट में आने से ट्रेन की एक बोगी पूरी तरह नष्ट हो गई और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि रेलवे ट्रैक के आसपास मौजूद कई घरों और वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। चश्मदीदों के मुताबिक, धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनी गई, जिसके बाद इलाके में धुएं का गुबार फैल गया।



● **राहत और बचाव कार्य जारी:** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। क्वेटा में हुए भीषण विस्फोट की पाकिस्तान के रेल मंत्री ने कड़ी निंदा करते हुए इसे कायराना आतंकवादी हमला बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले देश के हौसले और राष्ट्रीय संकल्प को कमजोर नहीं कर सकते।

● **बीएलए ने ली हमले की जिम्मेदारी:** बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने मीडिया को जारी बयान में इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हमले की योजना पहले से तैयार की गई थी और ट्रेन के गुजरने के समय को जानबूझकर चुना गया ताकि अधिकतम नुकसान पहुंचाया जा सके। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां विस्फोट के सटीक कारणों और हमलावर की पहचान से जुड़े सुराग जुटाने में लगी हुई हैं। अधिकारियों के अनुसार, पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

● **पहले हाईजैक भी हो चुकी है यह ट्रेन:** यह वही जाफर एक्सप्रेस है, जिसे साल 2025 में पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलोच लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने हाईजैक किया था। मार्च 2025 में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को बलूचिस्तान के बोलन जिले के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में रोककर हाईजैक किया गया था। ट्रेन में सवार करीब 400 से ज्यादा यात्रियों को बलोच लड़ाकों ने बंधक बना लिया था। पाकिस्तानी सेना द्वारा 'ऑपरेशन ग्रीन बोलन' चलाकर यात्रियों को छुड़ाने का दावा किया गया था, जिसमें कई जानें भी गई थीं।

### तुर्किये के लोकतंत्र पर गहराया संकट

## विपक्षी दल के मुख्यालय में घुसी पुलिस, दागे आंसू गैस के गोले

**अंकारा, जेएनएन।** तुर्किये की दंगा नियंत्रण पुलिस ने रविवार को मुख्य विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) के मुख्यालय में जबरन घुसकर उसके हटाए गए नेतृत्व को बाहर निकाल दिया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियां दागी गईं, जिससे तुर्किये के लोकतंत्र के केंद्र में जारी राजनीतिक संकट और गहरा गया है।

सीएचपी पार्टी के मुख्यालय की इमारत के भीतर आंसू गैस का भारी गुबार छा गया, जबकि अंदर मौजूद समर्थकों ने चिल्लाते हुए प्रवेश द्वार पर चीजें फेंकी, जिसके बाद पुलिस ने अस्थायी बैरिकेड्स को तोड़ दिया। स्थानीय मीडिया द्वारा जारी फुटेज में



कोर्टयार्ड (आंगन) और इमारत के अंदर आंसू गैस के बड़े बादल दिखाई दे रहे हैं, जिसके बाद पत्रकारों को भी पुलिस ने वहां से हटा दिया। इमारत के भीतर मौजूद संवाददाताओं ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दफ्तर के दरवाजे और फर्नीचर पूरी तरह नष्ट हो गए।

### फाइनेंस मैगजीन की सर्वे

## 75% भारतीयों के पास रिटायरमेंट प्लान नहीं

*फाइनेंस मैगजीन के सर्वे के अनुसार, रिटायरमेंट सेवानिवृत्ति के करीब पहुँच रहे अधिकांश भारतीयों को लगता है कि वे वित्तीय रूप से तैयार हैं, लेकिन उनके पास कोई व्यवस्थित योजना स्ट्रक्चर्ड प्लान नहीं है। 40 से 60 वर्ष की आयु के 1,218 भारतीयों के बीच किए गए इस सर्वे में पाया गया कि 75.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कोई विस्तृत रिटायरमेंट प्लान नहीं है। इसके बावजूद, बिना किसी उचित योजना वाले 61 प्रतिशत से अधिक लोगों को उम्मीद है कि वे आराम से रिटायर होंगे।*



| | | | |
|---|---|---|---|
| **61%** से अधिक को उम्मीद आराम से होंगे रिटायर | **48%** लोगों ने इसे परिवार के साथ जोड़ा | **03%** ने इसे वेल्थ क्रिएशन से जोड़ा | **39** वर्ष में औसतन लोग बचत शुरू करते हैं |
| **24.5%** के पास है रिटायरमेंट की रणनीति | **28** लाख का है औसतन लोगों के पास प्लान | **82%** ने हेल्थकेयर को बताया बड़ी चिंता | **47.3%** गोल्ड - रियल एस्टेट में करते हैं निवेश |

## संक्षिप्त समाचार

### व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, हमलावर ढेर

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में शनिवार देर रात व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबारी ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर ला दिया। घटना उस समय हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक संदिग्ध युवक ने सिक्योरिटी चेकपॉइंट के पास करीब 30 राउंड फायरिंग की, जिसके बाद सीक्रेट सर्विस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे गोली मार दी। अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। मृत हमलावर की पहचान 21 वर्षीय नासिर बेस्ट के रूप में हुई है, जो मैरीलैंड का रहने वाला था। गोलीबारी में एक आम नागरिक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।

### आरबीआई खजाने से 8.7 करोड़ चोरी, एक गिरफ्तार

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात के अहमदाबाद में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के करेंसी चेस्ट (खजाने) से 8.70 करोड़ रुपए चोरी का करीब 4 महीने बाद खुलासा हुआ है। पुलिस ने चोरी करने और उस पैसे को प्रॉपर्टी-क्रिप्टोकरेंसी में लगाने के आरोप में बैंक ऑफ बड़ौदा के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हर्षिद्द कडियार बैंक ऑफ बड़ौदा की गांधी रोड शाखा में जूनियर जॉइंट कस्टोडियन था। इसी शाखा में आरबीआई का करेंसी चेस्ट भी मौजूद है। 13 जनवरी को आरोपी ने दो मजदूरों के साथ मिलकर बक्सों में कैश भरकर बैंक से बाहर निकाला था।

### सीजेपी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें पार्टी की गतिविधियों की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है। याचिका में आरोप है कि संगठन सुप्रीम कोर्ट की मौखिक टिप्पणियों का गलत इस्तेमाल कर उनका व्यावसायिक फायदा उठा रहा है। याचिका में फेक वकीलों की सीबीआई जांच की भी अपील की गई। दरअसल, चीफ जस्टिस ने 15 मई को एक सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कह दिया था। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को दावा किया कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिल गया है।

## भारत-अमेरिका वार्ता में जयशंकर ने उठाया वीजा मुद्दा, कहा-वैध यात्रियों को न हो परेशानी

### ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा में सहयोग के लिए दोनों ने जताई प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) ने रविवार को व्यापार वार्ता में मतभेदों और अमेरिकी वीजा नीतियों में सख्ती के बावजूद अपनी रणनीतिक साझेदारी में निरंतरता और गति को बनाए रखने का प्रयास किया। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में प्रवेश के इच्छुक वैध भारतीय यात्रियों को होने वाली दिक्कतों पर चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद नई दिल्ली में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार वार्ताओं में प्रगति की है और वे ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, गतिशीलता (मोबिलिटी) और क्षेत्रीय सुरक्षा में सहयोग को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जयशंकर ने इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुए द्विपक्षीय व्यापार ढांचे का भी जिक्र किया।



### स्थायी व्यापार समझौते के बेहद करीब दोनों देश: मार्को रूबियो

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पुष्टि की कि दोनों पक्ष एक स्थायी समझौते पर पहुंचने के 'बेहद करीब' हैं। रूबियो ने कहा, 'रिश्ते ने अपनी गति नहीं खोई है। हमें उम्मीद है कि हमारे व्यापार प्रतिनिधि बहुत जल्द यहां का दौरा कर सकते हैं... मुझे लगता है कि हम दोनों पक्षों के लिए लाभकारी व्यापार समझौते पर पहुंचेंगे।

**यूएस में कुछ बेवकूफ भी: रुबियो**

विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने नस्लीय टिप्पणियों पर बात करते हुए कहा कि अमेरिका एक बहुत ही स्वागत करने वाला देश है, लेकिन वहां कुछ बेवकूफ लोग भी मौजूद हैं। जो हर समय बेवकूफी भरी बातें करते रहते हैं। वे अमेरिका का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

## बांग्लादेशी को डिपोर्ट करने के लिए बनेंगे होल्डिंग सेंटर

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को लेकर एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को उनके देश वापस भेजने (डिपोर्ट करने) के लिए विशेष 'होल्डिंग सेंटर' बनाने के निर्देश जारी किए हैं। शुभेंदु सरकार की ओर से इस संबंध में पश्चिम बंगाल के सभी जिलाधिकारियों (डीएम) को लिखित निर्देश और गाइडलाइंस जारी कर दी गई हैं। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में इन होल्डिंग सेंटरों को बनाने के लिए सही जगह की पहचान करने और आगे की कार्रवाई जल्द से जल्द शुरू करने को कहा है। प्रशासन का मुख्य फोकस सीमावर्ती जिलों में है।



### भाजपा प्रत्याशी देबांग्शु की ऐतिहासिक जीत

पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु ने 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 1.49 लाख से ज्यादा वोट मिले। इस चुनाव में सीपीआई(एम) के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40 हजार वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं टीएमसी के जहांगीर चौथे नंबर पर रहे।



## राहुल बोले-सरकार गिरेगी भाजपा बोली- यह सपने जैसा

### राहुल का बयान एक बड़ी साजिश का इशारा: गोयल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार गिरने की भविष्यवाणी करने को लेकर भाजपा ने रविवार को कड़ा पलटवार किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान दिन में सपने देखने जैसा है। वहीं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल का बयान एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है, जिसमें कांग्रेस, अन्य विपक्षी दल और 'टूलकिट गैंग' शामिल हैं। ये देश को अस्थिर करने का सपना देख रहे हैं। दरअसल, राहुल गांधी शनिवार को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की सलाहकार परिषद की एक बैठक में शामिल हुए





थे। सूत्रों के मुताबिक राहुल ने बैठक में कहा था कि एक साल के अंदर केंद्र सरकार गिर जाएगी और पीएम मोदी की विदाई तय है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'देश के लोग राहुल गांधी, विपक्ष और उस 'टूलकिट गैंग' की असली फितरत को पूरी तरह समझते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम कर रहा है। बार-बार, लोगों ने इन तत्वों को करारा जवाब दिया है। भारत को आग के हवाले करने की 'इंडी गठबंधन' की साजिश कभी कामयाब नहीं होगी।'

**दावा** विलुप्त जीवों को दोबारा जिंदा करने का रास्ता साफ, पहली बार ऐसी सफलता

# वैज्ञानिकों ने कृत्रिम अंडे से निकाला जिंदा चूजा

**लंदन/न्यूयॉर्क, जेएनएन।** वैज्ञानिकों ने पूरी तरह से कृत्रिम अंडे (आर्टिफिशियल एग) से जिंदा चूजों को सेने (हैच करने) में सफलता हासिल की है। 'डी-एक्सटिंक्शन' (विलुप्त हो चुके जीवों को पुनर्जीवित करने) के क्षेत्र में इसे एक ऐतिहासिक सफलता माना जा रहा है, जो सदियों पहले विलुप्त हो चुकी प्रजातियों को धरती पर वापस लाने का रास्ता साफ करेगी। विशालकाय वूली मैमथ (ऊनी हाथी) को वापस लाने की योजना पर काम कर रही प्रसिद्ध कंपनी 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के विशेषज्ञों ने दुनिया का पहला 'शेल-लेस इनक्यूबेशन सिस्टम' (बिना छिलके वाली सेने की प्रणाली) तैयार किया है, जो काफी हद तक एक प्राकृतिक अंडे की तरह ही काम करता है।

**कैसे काम करता है यह थ्री-डी प्रिंटेड अंडा:** इस कृत्रिम अंडे के बाहरी हिस्से को सुरक्षा और मजबूती देने के लिए थ्री-डी प्रिंटेड तकनीक से एक जालीदार मजबूत खोल के रूप में तैयार किया गया है। इस परत के अंदर एक सिलिकॉन-आधारित झिल्ली (मेम्ब्रेन) लगाई गई है जो ऑक्सीजन को सिस्टम के अंदर जाने देती है। पिछले 40 वर्षों में कृत्रिम अंडे बनाने के कई प्रयास हुए, लेकिन उनमें अत्यधिक मात्रा में शुद्ध ऑक्सीजन देने की आवश्यकता होती थी, जिससे जीवों का डीएनए डैमेज हो जाता था और उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। इस नए डिजाइन की पारगम्य झिल्ली (परमेबल मेम्ब्रेन) वातावरण से ऑक्सीजन को स्वाभाविक रूप से अंडे के अंदर जाने देती है, ठीक वैसे ही जैसे प्राकृतिक अंडों के सूक्ष्म छिद्रों से ऑक्सीजन अंदर जाती है। इस अंडे के ऊपर एक 'विंडो' (पारदर्शी खिड़की) भी बनाई गई है, जिससे भ्रूण के विकास के हर चरण को लाइव देखा जा सकता है।

### 18 दिनों तक कृत्रिम अंडे में रहा भ्रूण



वैज्ञानिकों की टीम ने शुरुआती पक्षी भ्रूणों (एम्ब्रियो) को लिया, उन्हें इस कृत्रिम खोल में रखा और विकसित होने के लिए 18 दिनों तक इनक्यूबेट किया। जब चूजे पूरी तरह तैयार हो गए, तो वे अपने इस अनूठे घर से बाहर आ गए और अब वे एक बड़े फार्म में पूरी तरह स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। कंपनी का कहना है कि यह विकास 'साउथ आइलैंड जायंट मोआ' को वापस लाने की उनकी योजना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'मोआ' एक बेहद विशालकाय पक्षी था जो लगभग 11.8 फीट (3.6 मीटर) लंबा होता था और उसका वजन करीब 230 किलोग्राम (केजी) था। इसके साथ ही यह तकनीक भविष्य में कृत्रिम गर्भ (आर्टिफिशियल वोम्ब) के निर्माण के लिए एक आधारशिला साबित होगी।

### विशालकाय 'मोआ' पक्षी को वापस लाने की चुनौती

कंपनी ने बताया कि 'साउथ आइलैंड जायंट मोआ' को वापस लाने की राह में इनक्यूबेशन सबसे बड़ी चुनौती थी। मोआ के अंडे का आकार एक सामान्य मुर्गी के अंडे से 80 गुना और एमू के अंडे से आठ गुना बड़ा होता था। वर्तमान में दुनिया में कोई भी ऐसा जीवित पक्षी नहीं है जो इतने बड़े अंडे को सेने के लिए सेरोगेट (मेजबान) बन सके। इसलिए, इस प्रजाति को वापस लाने के लिए एक बड़े आकार का कृत्रिम अंडा ही एकमात्र जरिया है। कोलोसल बायोसाइंसेज मोआ की हड्डियों से निकाले गए जीन (जींस) का उपयोग आधुनिक पक्षियों को जेनेटिकली इंजीनियर करने के लिए करेगी, ताकि वे 500 से 600 साल पहले न्यूजीलैंड से विलुप्त हो चुके मोआ पक्षी जैसे दिखने लगें। इन एडिटेड भ्रूणों को फिर विकास के लिए इसी कृत्रिम अंडे में रखा जाएगा। कंपनी के मुख्य जीवविज्ञान अधिकारी प्रोफेसर एंड्र्यू पास्क ने कहा, 'जीनोम सिर्फ एक ब्लूप्रिंट है, लेकिन अगर आपके पास इसे बनाने की जगह नहीं है, तो यह बेकार है।

## यूपीएससी की पहली परीक्षा ने ही युवाओं को सिखाई समय की पाबंदी, केंद्रों में लगे जेमर

**जागरण, भोपाल।** संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की वर्ष 2026 की प्रारंभिक परीक्षा मध्यप्रदेश के चार शहरों सहित देश के कुल 83 शहरों में रविवार को दो शिफ्ट में आयोजित की गई। मप्र के सवा सौ केंद्रों में करीब 35 हजार अभ्यर्थियों ने अपना सपना पूरा करने की दिशा में पहली परीक्षा दी। भोपाल में 12 हजार अभ्यर्थियों के लिए 36 केंद्र बनाए गए थे। इलेक्ट्रानिक और डिजिटल डिवाइस को लेकर केंद्रों में सख्त व्यवस्था रही। कई युवाओं को पहली परीक्षा में समय का महत्व समझकर गेट से ही लौटना पड़ा। यूपीएससी-2026 के लिए प्रदेश में भोपाल के अलावा इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर के स्कूल-कालेजों में केंद्र बनाए गए थे। पहली शिफ्ट 9.30 से 11.30 बजे के बीच थी तो दूसरी शिफ्ट का पेपर दोपहर ढाई से साढ़े 4 बजे रखा गया था। भोपाल में सरोजिनी नायडू, मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, एमएलबी गर्ल्स कॉलेज, केएनपी कॉलेज, कोपल कॉलेज, मित्तल इंस्टीट्यूट सहित करीब 36 स्कूल-कालेजों को केंद्र बनाया गया था। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन करीब सप्ताह भर से तैयारी कर रहा था। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे पहले सुबह 9 बजे रिपोर्टिंग टाइम था। मगर कुछ अभ्यर्थी नौ बजे के बाद परीक्षा केंद्र पर पहुंचे तो गेट बंद मिला। गार्ड लेकर केंद्र के अधिकारियों से फिर सभी अभ्यर्थी बात ही करते रहे। उन्हें सालों की तैयारी के बाद भी केंद्र के बाहर से ही लौटना पड़ा। पहली शिफ्ट की तुलना में दूसरी शिफ्ट में अधिकांश सेंटर्स पर परीक्षार्थियों की उपस्थिति कम रही।

**ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में समन्वय बनाकर पेयजल समस्या का निराकरण करने के निर्देश**

# पेयजल से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित करें : मुख्य सचिव

## कलेक्टर प्रत्येक दिन पेयजल समस्या का रिव्यू करेंगे

**आंचलिक डेस्क।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल समस्या के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि प्रशासनिक समन्वय बनाकर समस्याग्रस्त क्षेत्रों में इसका निराकरण करें। उन्होंने जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि वह प्रत्येक दिन पेयजल से संबंधित समस्या का रिव्यू करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ रही है और आने वाले एक माह तक ऐसी गर्मी की संभावना है। अतः पेयजल से संबंधित समस्या का निराकरण करने के लिए तत्परता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों से पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों को समय सीमा में निराकरण करायें तथा पेयजल से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जहां टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है उसके संबंध में जनप्रतिनिधियों को सूचना दें तथा इसका दुरुपयोग कदापि न हो। उन्होंने कहा कि जहां पानी की कमी हो वहां निजी जल स्त्रोत से पानी का उपयोग करें। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत व पीएचई विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी है कि वह पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। बसाहटवार मैपिंग करते हुए बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार तथा राइजर पाइप बढ़ाने के कार्य को तत्परता से करने के निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये गये। पंचायतों के पास उपलब्ध धन राशि का उपयोग पेयजल कार्य में किये जाने की बात इस दौरान कही गई। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि नल जल योजनाओं के बिजली के कनेक्शन न कटे और सिंगल फेज ट्यूबवेल की व्यवस्था सुचारु रूप से रहे। उन्होंने पेयजल के संबंध में संभागीय कमिश्नर को भी नियमित तौर पर रिव्यू करने के निर्देश दिये।




### वीसी में शामिल रहे रीवा और मऊगंज के अधिकारी

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी में रीवा कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एमएल अहिरवार, अधीक्षण यंत्री महेन्द्र सिंह, संयुक्त संचालक एचएस मिश्रा, कलेक्ट्रेट के एनआईसी में आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी उपस्थित रहे। साथ ही मऊगंज कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर संजय कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब और किसानों की ताकत बढ़ी

## भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन



**मऊगंज।** भारतीय जनता पार्टी मऊगंज जिले का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी जब प्रधानमंत्री बने थे तब अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरी सरकार गांव-गरीब और किसानों के लिए समर्पित रहेगी। भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के लिए काम किया है। सरकार की योजनाएं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के भाव को धरातल पर शब्दशः साकार कर रही हैं। मऊगंज में रविवार को भाजपा के दो देसी प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र मे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम अरुण द्विवेदी अमरपाटन मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा वरिष्ठ नेता अखंड प्रताप सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दूसरे दिन सुबह योग और संघ की शाखा में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डिजिटल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### प्रशिक्षण के माध्यम से निर्मित होते हैं योग्य कार्यकर्ता

मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा ने कार्य विस्तार विषय पर बोलते हुए कहा कि योग्य कार्यकर्ताओं को जहां तैनात किया जाता है उससे पार्टी को योजना अनुसार परिणाम मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यास वर्ग का राजनैतिक जीवन में बहुत अधिक महत्व है। एक सफल कार्यकर्ता के लिए हमेशा सीखने का विद्यार्थी भाव होना बहुत आवश्यक.। उन्होनें कहा कि दीनदयाल जी के अंत्योदय का विचार यही था कि समाज के अंतिम व्यक्ति की मौलिक आवश्यकताएं पूरी हों।

मीडिया विभाग के प्रदेश सदस्य योगेंद्र शुक्ला ने मीडिया से संबंधित सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मीडिया केवल सूचना का साधन नहीं रह गया है, बल्कि यह जनता के मन में धारणा निर्माण का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बन चुका है। हमें सकारात्मक संवाद कर मीडिया के माध्यम से संगठन और सरकार की उपलब्धियां ज्यादा से ज्यादा जनता तक पहुंचें इसकी चिंता करनी होगी। पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल ने सोशल मीडिया नमो ऐप और संगठन ऐप पर जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया का व्यापक प्रभाव है, अब मीडिया केवल प्रेस रिलीज तक सीमित नहीं है, बल्कि इंटेलिजेंस इनपुट और थिंक टैंक जैसी भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा प्रज्ञा त्रिपाठी, योगेंद्र शुक्ला सदस्य मीडिया विभाग मध्य प्रदेश सोशल मीडिया अनिल पटेल, मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा द्वारा ने मीडिया विषय पर एवं सैद्धांतिक अधिष्ठान एकात्म मानववाद एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने व्यवस्था में लगे हुए हुए कार्यकर्ताओं का परिचय कराया और आभार प्रदर्शित किया।

# गंगा दशहरा में श्रमदान से दिया जाएगा जल संरक्षण का संदेश

## नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में होगा कार्यक्रमों का आयोजन

**मऊगंज।** मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। जिले में गंगा दशहरा 25 मई को मनाया जाएगा। इस दिन नगरीय निकाय और विकासखण्ड स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़े बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे। गंगा दशहरा पर नदियों के उद्गम स्थल, तालाबों, परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ-साथ हैण्डपंपों तथा नलजल योजना के जलस्रोतों में रिचार्ज पिट बनाने एवं कुंओं के भी साफ-सफाई के कार्य होंगे। गंगा दशहरा प्राचीन काल से जल संरक्षण और संवर्धन दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों में आमजनता की अधिक से अधिक भागीदारी कराकर जल संरक्षण के कार्य करेंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जन अभियान परिषद के समन्वयक मिलकर गंगा दशहरा पर जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान तथा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करेंगे। गंगा दशहरा पर गांवों, विकासखण्ड मुख्यालयों तथा जिला स्तर पर जल गंगा कलश यात्रा, दीपदान, जल संवाद, जल जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# कृषि रथ यात्रा के माध्यम से किसानों को मिली आधुनिक खेती एवं योजनाओं की जानकारी

## विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु लगाए विशेष शिविर

**रीवा।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं शासकीय योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से संचालित कृषि रथ यात्रा का भ्रमण जिले के विकासखंड गंगेव की विभिन्न ग्राम पंचायतों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़, लौरी एवं बाबूपुर में कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि तकनीकी एवं विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कृषि रथ यात्रा के दौरान मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, नवीन कृषि तकनीक, उन्नत बीजों का उपयोग, जैविक खेती, तथा ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था की जानकारी प्रदान की गई साथ ही, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नरवाई प्रबंधन पर विशेष बल दिया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. शेषमणि कुर्मवंशी ने किसानों को चर्चा करते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग और नियमित मृदा परीक्षण अनिवार्य है। प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान न केवल लागत कम कर सकते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को रसायन मुक्त उत्पाद भी उपलब्ध करा सकते हैं। भ्रमण के दौरान विभाग द्वारा सफल कृषकों से संपर्क किया गया। ग्राम गढ़ के कृषक चक्रधर सिंह ने अपनी सफलता की बात साझा करते हुए बताया कि उन्होंने ताइवान गेहूं की विशेष किस्म का उपयोग किया। मात्र 5 किलोग्राम बीज की बुवाई से 12.5 क्विंटल की रिकॉर्ड उपज प्राप्त की। कृषक द्वारा अब इस उन्नत बीज का विस्तार अन्य क्षेत्रों में भी किया जा रहा है, जो क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान कृषि अधिकारियों ने उपस्थित किसानों की समस्याओं को गंभीरता सुनते हुए उनका समाधान किया और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। कृषि रथ में स्थापित ऑडियो-विजुअल सिस्टम के माध्यम से शासन की विभिन्न हितैषी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में प्रसारित की गई। इस अवसर पर शिव शरण सरल, आदर्श पाण्डेय, युगल किशोर प्रधान सहित ग्राम पंचायत गढ़ एवं बाबूपुर के प्रगतिशील किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## न्यूज कार्नर

### पति के स्वर्गवासी होने के चार दिन बाद सहधर्मिणी ने भी त्यागे प्राण



**त्योंथर ब्यूरो।** कुदरत का अजीब संयोग देखिए की सोहागी निवासी स्व. बेनीमाधव तिवारी उम्र 88 वर्ष एवं उनकी पत्नी स्व. इंद्र कली 90 वर्ष की उम्र में चार दिवस के अंतराल में स्वर्ग सिधार गए। साहित्य एवं समाज सेवा के धनी सेवानिवृत शिक्षक बेनी माधव तिवारी अपने पूरे हंसते खेलते भरे पूरे परिवार को छोड़कर एक साथ स्वर्ग सिधार गए। बेनीमाधव तिवारी ने समाज सेवा में अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया। पहले शिक्षा विभाग में शिक्षक पद पर कार्यरत रहते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की। यही वजह है कि उनके छात्र अच्छे-अच्छे पदों पर आसीन हुए हैं, साथ ही उन्होंने वर्षों से खंडहर पड़े आलोपा माता मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाकर स्वयं अपनी पेंशन की राशि से आलोपन माता का मंदिर बनवाया जहां सैकड़ो भक्तगण आलोपन माता के दर्शन के लिए आते हैं और अपनी मनौती पूरी करते हैं। स्व.तिवारी के परिवार में उनके पुत्र अवध बिहारी तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और घर के अन्य लोग भी शासकीय पदों पर आसीन हैं। श्री तिवारी के जाने से क्षेत्र में लोगों का श्रद्धांजलि देने का सिलसिला अनवरात जारी है।

### अमन जायसवाल के पिता के निधन पर शोक



**ब्यूरो चीफ हनुमना।** जनपद पंचायत हनुमान के ग्राम पंचायत खड़खड़ी निवासी बाल कांग्रेस के नेता अमन जायसवाल के पिता राजेंद्र जायसवाल का बीमारी के कारण बीते शनिवार आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार खटखरी श्मशान घाट में किया गया। राजेंद्र जायसवाल अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। खटखरी कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि राजेंद्र जायसवाल एक मिलनसार सामाजिक व्यक्ति थे। वह कम उम्र में अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में समाजसेवी राजू गुप्ता टिंकल गुप्ता दिलीप गुप्ता तुलसीदास गुप्ता शाहपुर वाले छोटू हलवाई मद्रासी गुप्ता राजेश गुप्ता रमेश हार्डवेयर अमन गुप्ता नीरज ढाबा ,परमानंद तिवारी डॉक्टर बंगाली रविंद्र तिवारी पूर्व सरपंच हरिहर जी पूर्व पार्षद शारदा रजक विनय तिवारी सरपंच ढाबा तिवरियान डॉक्टर बंगाली ढाबा, गुड्डू तिवारी मोहनलाल गुप्ता शाहपुर वाले ,मुकेश गुप्ता चाट वाले आदि शामिल हैं।

### श्री वृंदावन धाम बांके बिहारी का दर्शन करने पहुंचे हनुमना वासी



**ब्यूरो चीफ हनुमना।** नगर के सनातन प्रेमियों ने श्री वृंदावन धाम बांके बिहारी के साथ द्वारिकाधीश नगरी का दर्शन किया। ऐसा अवसर किसी भक्त को तब प्राप्त होता है जिस पर श्री राधा रानी की विशेष कृपा होती है। ऐसा कहा जाता है जिस पर राधा रानी की कृपा नहीं होती वह वृंदावन धाम नहीं पहुंच पाता। श्री वृंदावन धाम की महिमा सुनकर हनुमना से कई लोग यहां पहुंचे और मंदिरों में माथा टेका। हनुमना निवासी मोहनलाल कचेर, कल्याण ड्रम वाले , बाल संत शौर्य तोमर, टिंकल गुप्ता बाबा डोसा वाले, सोहनलाल कचेर, बच्चा मिठाई वाले कन्हैया गुप्ता हजारी पान , शिव शंकर कोतई गुप्ता, अभिमन्यु लाल वाले पिंटू कोका कोला एजेंसी बालनाथ गुप्ता जैसे भक्तों ने सपरिवार मेहंदीपुर बालाजी महराज के पुजारी लखन महराज का सानिध्य व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। सभी ने बांके बिहारी से प्रार्थना की कि हनुमना के साथ-साथ सभी देशवासियों को वृंदावन धाम की कृपा प्राप्त हो।

### वन अधिकार समिति की बैठक आज

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में वनाधिकार समिति की बैठक 25 मई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में वन मित्र पोर्टल/एमपीएफआरए पर उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा निराकृत किए गए दावों का निराकरण किया जाएगा।

# पियक्कड़ और हुल्लड़बाजों पर की गई सख्ती बैकुंठपुर थाना प्रभारी ने की चालानी कार्रवाई

**बैकुंठपुर।** एसपी के निर्देशन पर थाना प्रभारी बैकुंठपुर श्रृंगेश सिंह राजपूत रविवार को बैकुंठपुर नगर के रीवा सिरमौर मार्ग पर दो पहिया वाहनों के हेलमेट चेकिंग के दौरान कई दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट नहीं लगाने पर चालानी करवाई कर लोगों को सड़क सुरक्षा का संदेश, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाने थाना प्रभारी द्वारा हिदायत दी गई। इस अभियान का उद्देश्य नगर में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखना और नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाना था। पुलिस मार्च के दौरान शराब की दुकान भीड़-भाड़ वाले इलाकों का दौरा किया और दुकानदारों एवं व्यापारियों को सड़क में वाहन नहीं लगाने के साथ ही पियक्कड़ों और हुल्लड़बाजों पर सख्ती की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी श्रृंगेश सिंह राजपूत, एसआई मनोज बागरी, सतेंद्र पांडे, अश्वनी शुक्ला, राजीव पटेल, वीरेंद्र तिवारी, अनुराग तिवारी, ओम प्रकाश, कुशल तिवारी, आरक्षक आशुतोष मिश्रा, शशांक यादव, राहुल पांडे, भूपेंद्र बर्मन, राजेश प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही ।



# सरकारी बोर में निजी व्यक्ति का कब्जा

## दो दर्जन से अधिक घरों के लोग जल संकट से जूझ रहे

**हनुमना।** जिले के हनुमना जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जहां इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा है वहीं जल संकट भी देखा जा रहा है। ग्राम पंचायत बिझौली गहरवरान की वार्ड मांक 7 में पूर्व में संचालित शिक्षा गारंटी शाला द्वारा मध्य प्रदेश शासन द्वारा बोर संचालित था। वर्तमान में इस विद्यालय बंद है जहां ग्राम पंचायत द्वारा खाद्यान्न उचित मूल्य की दुकान संचालित की जा रही है जिससे हजारों लोग यहां आते हैं। शिकायतकर्ता के द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन के बोर पर गांव के ही दिवाकर सिंह के द्वारा निजी मोटर डालकर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे दो दर्जन से अधिक घर इस बोर से पानी पीते थे, लेकिन निजी अतिक्रमण कर लेने के कारण आम नागरिक भारी जल संकट से जूझ रहे हैं। इस संबंध में जहां सीएम हेल्पलाइन शिकायत की गई, वहीं जिला प्रशासन के पास जनसुनवाई में भी शिकायत की गई लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया। ग्राम पंचायत बिझौली गहरवरान के सचिव व सरपंच पर भी गंभीर आरोप लगा है कि हैंडपंप व राइजर पाइप को निकलवा दिया गया है तथा अतिक्रमण करवा लिया गया है जिसमें निजी मोटर डाल लिया गया है और गांव के लोगों को पानी पीने को नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण के द्वारा मांग की गई है कि निजी मोटर को निकलवाया कर शासकीय मोटर डलवायी जाए व अतिक्रमणकर्ता से मुक्त कराया जाए।



# अनुवांशिक बीमारी से जूझ रहे 3 मासूम इलाज के लिये लगायी सीएम से गुहार

## मामला जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवखर का

**जवा ब्यूरो।** तहसील जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवखर में तीन बच्चे एक अनुवांशिक गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। इनके शरीर का पूरा रंग अंग्रेजों की तरह सफेद है, सूरज की रोशनी में उनकी आंखों के सामने पूरी तरह से अंधेरा छा जाता है, शरीर पर बड़े-बड़े चकत्ते पड़ते हैं और खुजलाने पर खून का फव्वारा निकल पड़ता है। उनके शरीर का स्टैमिना भी दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि देवखर विजय तिवारी द्वारा इन बच्चों के लिए आवाज उठाई जा रही है कि इनका इलाज किसी अच्छे डॉक्टर से कराया जाए ताकि यह बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी सकें और इस गंभीर बीमारी से छुटकारा पा सकें। इन बच्चों का नाम रिया कोरी 9 वर्ष, अनामिका कोरी 6 वर्ष ,और राजीव कोरी 5 वर्ष हैं। उनके पिता का नाम सुनील कोरी एवं माता का नाम माया देवी है। सफेद शरीर, धूप में अंधेरा और दर्द भरी पूरी जिंदगी पड़ी हुई है। ज्ञात हो कि एक गरीब परिवार के मासूम बच्चे ऐसी गंभीर अनुवांशिक बीमारी से जूझ रहे हैं जिसने उनकी पूरी जिंदगी को दर्द में बदल दिया है। जन्म से ही बच्चों के शरीर का रंग पूरी तरह सफेद है, तेज धूप में इन्हें लगभग दिखाई नहीं देता, और शरीर में लगातार भयानक खुजली बनी रहती है। हालत इतनी गंभीर है कि खुजलाने पर शरीर से खून तक निकलने लगता है।

गरीबी और बीमारी की दोहरी मार झेल रहे इस परिवार के सामने सबसे बड़ा संकट इलाज का है। परिवार के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि बच्चों का किसी बड़े अस्पताल में उपचार करा सके। गांव के लोग भी इन बच्चों की हालत देखकर भावुक हो रहे हैं। इसी गंभीर मुद्दे को लेकर 'अपना गांव' के फाउंडर एवं युवा समाजसेवी विजय तिवारी ने आवाज उठाई है। उन्होंने प्रदेश सरकार और समाज से अपील की है कि इन बच्चों का इलाज देश के किसी अच्छे अस्पताल में कराया जाए, ताकि इन्हें भी सामान्य जिंदगी जीने का मौका मिल सके। पीड़ित परिवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से गुहार लगाते हुए कहा कि हमारे बच्चों को तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध करायी जाए।



# किसानों को आधुनिक खेती के बारे में दी जानकारी




## ग्राम पंचायत टेहरा देवास पहुंचा कृषि रथ

**गढ़ ।** ग्राम पंचायत टेहरा देवास में कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, जैविक खेती, ई विकास प्रणाली अन्तर्गत ई - टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था,नरवाई प्रबंधन एवं शासन की विभिन्न कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक डॉ सुधांशु पाण्डेय द्वारा किसानों को आधुनिक खेती अपनाने, संतुलित उर्वरक उपयोग, नरवाई प्रबंधन,मृदा स्वास्थ्य तथा प्राकृतिक खेती के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कृषि अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान एवं तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत टेहरा × देवास के अनेक किसान उपस्थित रहे तथा कृषि रथ के माध्यम से ऑडियो टेप द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर किसानों ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं तकनीकियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ सुधांशु पाण्डेय एवं स्थानीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मैच 69: जोफ्रा आर्चर के हरफनमौला खेल से राजस्थान 30 रन से जीता, पांच बार की चैंपियन मुंबई की हार के साथ विदाई

# रॉयल्स 7वीं बार प्लेऑफ में, पंजाब-केकेआर का सफर समाप्त



जेएनएन, मुंबई

जोफ्रा आर्चर के हरफनमौला खेल की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के 69वें मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ का टिकट पक्का किया। राजस्थान की टीम सातवीं बार प्लेऑफ में पहुंची है। प्लेयर ऑफ द मैच आर्चर ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लड़खड़ाने के बाद 32 रन की अहम पारी खेली और गेंदबाजी में चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। रॉयल्स ने लगातार अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद अपने करो या मरो मैच में आठ विकेट पर 205 रन बनाने के बाद मुंबई की पारी को नौ विकेट पर 175 रन पर रोक दिया। इस जीत के साथ ही रॉयल्स के 14 मैचों में 16 अंक हो गए और उसने अंक तालिका में चौथा स्थान पक्का कर लिया। इसके साथ ही पंजाब और कोलकाता की उम्मीदें खत्म हो गईं। प्लेऑफ की दौड़ से पहले से ही बाहर मुंबई का अभियान नौवें स्थान पर खत्म हुआ। टीम के लिए सूर्यकुमार यादव ने 60, जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 34 और विल जैक्स ने 33 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर राजस्थान की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही, लेकिन ध्रुव जुरेल ने 38, आर्चर ने 15 गेंद में 32, दासुन शनाका ने 15 गेंद में 29 और यशस्वी जायसवाल ने 17 गेंद में 27 रन का अहम योगदान दिया। रविंद्र जडेजा (नाबाद 19) और नांद्रे बर्गर (नाबाद 10) ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में 30 रन की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

**राजस्थान रॉयल्सः 205/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. बॉश बो. जैक्स | 27 | 17 | 1 | 3 |
| वैभव का. नमन बो. चाहर | 4 | 6 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो. कार्बिन बॉश | 38 | 26 | 3 | 2 |
| पराग का. तिलक बो. गजनफर | 14 | 8 | 2 | 1 |
| दसून शानका रनआउट | 29 | 15 | 0 | 3 |
| फरेरा का. बॉश बो. चाहर | 18 | 15 | 0 | 2 |
| आर्चर का. तिलक बो. शार्दुल | 31 | 15 | 1 | 3 |
| दुबे का. नमन बो. शार्दुल | 5 | 6 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 19 | 11 | 3 | 0 |
| नांद्रे बर्गर नाबाद | 10 | 3 | 0 | 1 |

अतिरिक्तः 9, कुलः 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन, विकेट पतनः 1-33, 2-33, 3-54, 4-99, 5-119, 6-139, 7-174, 8-175, गेंदबाजीः दीपक चाहर 4-0-43-2, विल जैक्स 2-0-12-1, एएम गजनफर 3-0-45-1, रघु शर्मा 3-0-25-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-41-2, कार्बिन बॉश 4-0-38-1.

**मुंबई इंडियंसः 175/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का. जुरेल बो. आर्चर | 0 | 4 | 0 | 0 |
| रिकल्टन का. वैभव बो. बर्गर | 12 | 7 | 1 | 1 |
| नमन धीर बो. आर्चर | 6 | 5 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का. एंड बो. बर्गर | 60 | 42 | 3 | 4 |
| तिलक बो. बृजेश | 3 | 7 | 0 | 0 |
| जैक्स का. जुरेल बो. यश पुंजा | 33 | 18 | 3 | 2 |
| हार्दिक का. बर्गर बो. आर्चर | 34 | 15 | 3 | 2 |
| कार्बिन बॉश का. फरेरा बो. यश | 2 | 4 | 0 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर नाबाद | 10 | 11 | 1 | 0 |
| दीपक चाहर पगबाधा बो. बृजेश | 8 | 5 | 0 | 1 |
| गजनफर नाबाद | 2 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्तः 5, कुलः 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन, विकेट पतनः 1-0, 2-18, 3-24, 4-38, 5-101, 6-149, 7-152, 8-158, 9-167, गेंदबाजीः जोफ्रा आर्चर 4-0-17-3, नांद्रे बर्गर 4-0-43-2, बृजेश शर्मा 4-0-26-2, रवींद्र जडेजा 2-0-24-0, यश पुंजा 4-0-44-2, दसून शानका 2-0-21-0.

### प्लेयर ऑफ द मैच, जोफ्रा आर्चर, 32 रन, 3 विकेट



## मुंबई ने पॉवरप्ले में गंवाए 4 विकेट

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने 38 रन तक चार विकेट गंवा दिए। आर्चर ने पहले ओवर में रोहित शर्मा को खाता खोले बिना विकेट के पीछे कैच कराने के बाद दूसरे ओवर में नमन धीर (छह) को बोल्ड किया। बर्गर ने आक्रामक दिख रहे रिकल्टन (12) को सूर्यवंशी के हाथों कैच कराकर मुंबई को तीसरा झटका दिया। छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए बृजेश शर्मा ने अपनी पहली ही गेंद पर तिलक वर्मा (तीन) का विकेट उखाड़ दिया। पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 49 रन था। इस बीच सूर्यकुमार को यश राज की गेंद पर बृजेश ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया। वह उस समय 27 रन पर खेल रहे थे। जैक्स ने इस गेंदबाज के खिलाफ 12वें ओवर में छक्के से टीम के रनों का शतक पूरा किया। वह इसी ओवर में आउट हो गए। कप्तान हार्दिक पंड्या ने क्रीज पर आते ही दो छक्के जड़े। पंड्या ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए शनाका के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके जड़कर रॉयल्स के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। पराग ने 16वें ओवर में गेंद आर्चर को थमाई और इस गेंदबाज ने पंड्या की 15 गेंद में 34 रन की पारी समाप्त कर टीम को बड़ी सफलता दिला दी। यश राज ने अगले ओवर में बॉश (दो) को चलता करने के साथ ओवर से सिर्फ पांच रन खर्च कर मुंबई पर दबाव बना दिया। बर्गर ने अगले ओवर में अपनी ही गेंद पर सूर्यकुमार का कैच लपककर टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय कर दिया।

● इससे पहले बिना जसप्रीत बुमराह के खेलने उतरी मुंबई ने राजस्थान को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था। जायसवाल ने राजस्थान को आक्रामक शुरुआत दिलाई थी, लेकिन जल्द ही जैक्स ने उन्हें अपना शिकार बना लिया और पावरप्ले के भीतर ही राजस्थान ने जायसवाल के साथ ही वैभव सूर्यवंशी और कप्तान रियान पराग के विकेट गंवा दिए थे। 54 के स्कोर पर तीन विकेट गंवाने के बाद ध्रुव जुरेल और दसून शानका के बीच साझेदारी पनपी और दोनों बल्लेबाज राजस्थान को 99 तक ले गए। हालांकि 11वें ओवर में शानका ने रन लेने का प्रयास किया, लेकिन जुरेल की नजरें गेंद पर टिकी थीं।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)




| | |
|---|---|
| साईसुदर्शन (गुजरात) | 638 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 616 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 606 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 24 |
| कगिसो रबाडा (गुजरात) | 24 |
| जोफ्रा आर्चर (राजस्थान) | 21 |

### बाउंड्री मीटर



1349 छक्के

2174 चौके

143 अर्धशतक

कोलकाता नाइट राइडर्स के मनीष पांडे के आईपीएल में 4000 रन पूरे हो गए हैं। उनके 164 पारियों में 4012 रन हो गए हैं।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.783 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.695 |
| हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.524 |
| राजस्थान | 14 | 8 | 6 | 16 | 0.189 |
| पंजाब | 14 | 7 | 6 | 15 | 0.309 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | -0.651 |
| कोलकाता | 14 | 6 | 7 | 13 | -0.147 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 | -0.345 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.584 |
| लखनऊ | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.740 |

## आइपीएल के अंतिम लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने केकेआर को उसके घर में 40 रन से हराया

# दिल्ली ने जीत से किया सीजन का अंत

जेएनएन, कोलकाता

दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को आईपीएल के इस सत्र के अंतिम लीग मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 40 रन से जीत हासिल की, हालांकि इस मैच का नतीजा अब कोई मायने नहीं रखता है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दिन के शुरुआती मैच में जब राजस्थान ने मुंबई को हराकर प्लेऑफ में चौथी और आखिरी टीम के तौर पर क्वालिफाई किया तो यह मुकाबला पहली पारी के चौथे ओवर में ही बेमानी हो गया था। जब मैच में दांव पर लगाने के लिए कुछ खास नहीं था तो मैदान पर खिलाड़ियों में जोश की कमी साफ नजर आ रही थी। केएल राहुल (60 रन) के इस सत्र में छठे अर्धशतक की बदौलत दिल्ली ने पांच विकेट पर 203 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 रन) के सत्र के दूसरे अर्धशतक के बावजूद केकेआर की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। केकेआर ने अंतिम सात विकेट 35 रन के अंदर गंवा दिए। प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव के रहाणे को 14वें ओवर में आउट करने के बाद केकेआर के विकेट पतन का सिलसिला शुरू हुआ। कुलदीप ने रहाणे के बाद रिंकू यादव को आउट किया और हैट्रिक बनाने से चूक गए, क्योंकि अभिषेक पोरेल ने तेजस्वी दहिया का कैच छोड़ दिया। एन्गिडी ने 3.4 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके। मिचेल स्टार्क (तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट) ने एक ही ओवर में दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। रहाणे के अलावा केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। रोवमैन पॉवेल ने रनआउट होने से पहले 29 रन बनाए। केकेआर ने 10 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 98 रन बना लिए थे। एन्गिडी ने फिन एलन (20 रन) को पावरप्ले में आउट किया, जबकि मनीष पांडे (25 रन) को नौंवे ओवर में स्टार्क के हाथों कैच आउट कराया। अगले ओवर में कैमरन ग्रीन (02) कुलदीप यादव का शिकार हुए। रहाणे ने 31 गेंद में सत्र का दूसरा अर्धशतक जमाया। कुलदीप ने ही उनकी पारी समाप्त की और इस गेंदबाज ने अगली गेंद पर रिंकू सिंह को स्टब्स के हाथों कैच आउट कर खाता भी नहीं खोलने दिया। इस समय स्कोर पांच विकेट पर 128 रन था। और फिर पूरी टीम 163 रन में सिमट गई।


प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप

**100** छक्के दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल के आईपीएल में पूरे हो गए।

### स्कोर बोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्सः 203/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पोरेल का. दहिया बो. दुबे | 22 | 18 | 4 | 0 |
| राहुल का. पॉवेल बो. अनुकूल | 60 | 30 | 5 | 4 |
| साहिल का. रहाणे बो. नरेन | 24 | 17 | 3 | 1 |
| अक्षर का. रिंकू बो. वरुण | 39 | 25 | 3 | 2 |
| मिलर का. एलन बो. दुबे | 28 | 19 | 0 | 3 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 18 | 11 | 2 | 1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 12, **कुलः** 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन, **विकेट पतनः** 1-40, 2-125, 3-166, 4-201, **गेंदबाजीः** अनुकूल रॉय 2-0-23-1, सौरभ दुबे 4-0-28-2, कैमरन ग्रीन 2-0-21-0, कार्तिक त्यागी 4-0-55-0, सुनील नरेन 4-0-38-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-35-1.

**कोलकाता नाइट राइडर्सः 163/10 (18.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का. मिलर बो. कुलदीप | 63 | 39 | 4 | 4 |
| फिन एलन बो. एन्गिडी | 20 | 13 | 3 | 1 |
| पांडे का. स्टार्क बो. एन्गिडी | 25 | 18 | 2 | 2 |
| ग्रीन का. मिलर बो. कुलदीप | 2 | 3 | 0 | 0 |
| रोवमन पॉवेल रनआउट | 29 | 21 | 3 | 1 |
| रिंकू का. स्टब्स बो. कुलदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| तेजस्वी दाहिया बो. अक्षर | 1 | 3 | 0 | 0 |
| अनुकूल का. एंड बो. स्टार्क | 9 | 8 | 1 | 0 |
| त्यागी का. अक्षर बो. स्टार्क | 0 | 1 | 0 | 0 |
| वरुण का. अक्षर बो. एन्गिडी | 5 | 5 | 1 | 0 |
| सौरभ दुबे नाबाद | 4 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्तः** 5, **कुलः** 18.4 ओवर में 163 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-43, 2-87, 3-96, 4-128, 5-128, 6-129, 7-154, 8-154, 9-155, 10-163, **गेंदबाजीः** मिचेल स्टार्क 3-0-26-2, आकिब नबी 2-0-23-0, एन्गिडी 3.4-0-27-3, अक्षर पटेल 4-0-38-1, माधव तिवारी 2-0-20-0, कुलदीप यादव 4-0-29-3.

## टॉम मूडी ने बदलाव के संकेत दिए

# 27 करोड़ में खरीदे गए रिषभ पंत से छिन सकती है कप्तानी

**लखनऊ, जेएनएन।** पिछले दो सत्र में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने के कारण रिषभ पंत से लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी छिन सकती है, क्योंकि उसके क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने स्वीकार किया है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज दबाव को झेलने में असफल रहा है। लखनऊ 2025 में सातवें स्थान पर रहा था, जबकि इस सत्र में उसका प्रदर्शन पिछले साल से भी खराब रहा। पंत की कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने दो सत्र में 28 मैचों में केवल 10 में जीत हासिल कीं। मूडी ने पंजाब से सात विकेट से मिली हार के बाद पत्रकारों से कहा, अगर कप्तानी की बात करें तो निश्चित तौर पर उन्हें यह चुनौतीपूर्ण लगी है और परिणाम इसे दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, हमें इस पर विचार करना होगा कि इस दबाव का बल्लेबाजी में उनके प्रदर्शन पर भी तो असर नहीं पड़ रहा है। मैं जानता हूं कि यह सत्र हमारे लिए मुश्किल रहा है, लेकिन हम इस पर विचार करेंगे। हम हर पहलू पर गौर करेंगे। एलएसजी ने पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था, इसलिए उनके प्रदर्शन पर शुरू से ही नजर रखी जा रही थी। इस बीच वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। हाल में पंत की जगह केएल राहुल को टेस्ट टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया। उन्हें वनडे टीम से भी बाहर कर दिया गया है। इसके बाद अब मूडी की यह टिप्पणी आई है।



● भारत के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले पंत ने आईपीएल 2018 में शानदार प्रदर्शन किया। तब उन्होंने 173.60 के स्ट्राइक रेट से 684 रन बनाए। इसके बाद 2019 में उन्होंने 162.66 के स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए। लखनऊ की तरफ से हालांकि पंत ने दो सत्र में 581 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 135.74 रहा, जो उनके करियर के 144.18 के स्ट्राइक रेट से कम है।

## खेल एक नजर

### गेंदबाज अक्षय की मैच के दौरान तबीयत खराब, अस्पताल में निधन

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक के पूर्व तेज गेंदबाज एसएल अक्षय का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 39 वर्ष के थे। अक्षय उस टीम का हिस्सा रहे थे जिसने 2014-15 सत्र में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था। वह रविवार को यहां केएससीए तीसरे डिवीजन मैच में सैफायर सीसी की ओर से खेल रहे थे। मैच के दौरान चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद अक्षय ने असहज महसूस होने की शिकायत की और मैदान से बाहर चले गए। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की ओर से जारी बयान के मुताबिक, अक्षय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कर्नाटक का शानदार प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद भी उन्होंने पूरे समर्पण और जुनून के साथ क्रिकेट की सेवा जारी रखी। जूनियर स्तर के कोच के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को निखारने और उनका मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका राज्य में क्रिकेट प्रतिभाओं के विकास पर स्थायी प्रभाव पड़ा। एसएल अक्षय ने 2011 से 2013 के बीच कर्नाटक के लिए छह प्रथम श्रेणी, तीन लिस्ट ए और नौ टी20 मुकाबले खेले थे। खेल से संन्यास के बाद वह राज्य की अंडर-19 टीम के साथ कोचिंग से जुड़े हुए थे।

## नॉर्वे शतरंज आज से, भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा

**ओस्लो, जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के जरिए विश्व चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से पहले लय हासिल करने के इरादे से उतरेंगे, जबकि एलीट खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके धैर्य और कौशल की परीक्षा होगी। टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा की मौजूदगी में भारतीय दल टूर्नामेंट में खिताब के अपने सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगा। प्रतियोगिता के ओपन और महिला वर्ग में दुनिया के छह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता में चार खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। गुकेश और प्रज्ञानानंदा ओपन वर्ग में शिरकत करेंगे तो वहीं महिला वर्ग में कोनेरू हंपी और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख हिस्सा लेंगी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं होगी।

## सैफ चैंपियनशिप में मालदीव के खिलाफ भारत का लक्ष्य जीत से आगाज करने पर

**मडगांव, जेएनएन।** फीफा रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 में मालदीव के खिलाफ सोमवार को ग्रुप-बी में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम की नजरें 2019 के बाद पहली बार खिताब दोबारा अपने नाम करने पर टिकी हैं। भारतीय महिला टीम पहली बार गोवा में कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी। भारत इस टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है, जबकि मालदीव 167वें स्थान पर है। ऐसे में भारतीय टीम को मुकाबले का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारत का मालदीव के खिलाफ रिकॉर्ड भी बेहद शानदार रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए आठ मुकाबलों में भारत ने सात जीते हैं, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा।

## मध्यप्रदेश के देव मीणा ने पोल वॉल्ट में नेशनल रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

**रांची, जेएनएन।** मध्य प्रदेश के पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीना और कुलदीप कुमार ने 5.45 मीटर की समान छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया, लेकिन रविवार को राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम दिन देव कुमार मीना ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पिछला रिकॉर्ड (5.41 मीटर) हाल ही में भुवनेश्वर में कुलदीप कुमार ने ही बनाया था। दोनों खिलाड़ियों ने 5.45 मीटर की छलांग लगाई, लेकिन काउंटबैक के आधार पर देव कुमार मीना ने स्वर्ण पदक जीता। कुलदीप को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पोल वॉल्ट और ऊंची कूद स्पर्धाओं में जब दो या दो से अधिक एथलीट समान ऊंचाई पार करते हैं, तो काउंटबैक नियम के आधार पर विजेता का फैसला होता है। इसमें प्रतियोगिता के दौरान उस ऊंचाई को पार करने में सबसे कम प्रयास करने वाला खिलाड़ी विजेता माना जाता है।

## हैरी केन की हैट्रिक से बायर्न म्यूनिख ने जर्मन कप जीता

**बर्लिन, जेएनएन।** स्टार फुटबॉलर हैरी केन की हैट्रिक की मदद से बायर्न म्यूनिख ने मौजूदा चैंपियन स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर जर्मन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता और इस तरह से वर्तमान सत्र में घरेलू टूर्नामेंट जीतने का डबल पूरा किया। केन की दूसरे हाफ में बनाई गई हैट्रिक ने बायर्न के प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया। इस बीच दोनों टीम के प्रशंसकों ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए जर्मन फुटबॉल महासंघ (डीएफबी) के विरोध में नारे भी लगाए। केन ने 55वें मिनट में माइकल ओलिस के क्रॉस पर हेडर से पहला गोल किया। इससे बायर्न के प्रशंसकों ने आतिशबाजी शुरू कर दी। इससे काफी धुआं हो गया और खेल रोकना पड़ा। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी केन ने 80वें मिनट में दूसरा गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर हैट्रिक पूरी की। बायर्न म्यूनिख ने इससे पहले जर्मन लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता था।




## फीफा विश्वकप: ईरान ने अपना आधार शिविर अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित किया

**फीनिक्स, जेएनएन।** ईरान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि फीफा से मंजूरी मिलने के बाद उनकी टीम के आधार शिविर को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित कर दिया गया है। मेहदी ताज ने यह जानकारी दी हालांकि अभी तक फीफा ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ईरान को एरिजोना के टक्सन में अभ्यास शिविर लगाना था, लेकिन मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध और सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे कहीं और स्थानांतरित करने की संभावना बनी हुई थी। टक्सन के कीनो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। महासंघ का कहना है कि टीम अब सैन डिएगो के ठीक दक्षिण में स्थित मैक्सिको के तिजुआना में ठहरेगी। इस वर्ष विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिलकर इसकी मेजबानी कर रहे हैं। ताज ने बयान में कहा, विश्व कप में भाग लेने वाले सभी देशों को अपने आधार शिविर के लिए फीफा से मंजूरी लेनी होती है। सौभाग्य से फीफा और विश्व कप के अधिकारियों के साथ इस्तांबुल में हुई बैठकों के बाद हमारी टीम के आधार शिविर को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित करने का हमारा अनुरोध स्वीकार कर लिया गया है।

## जिला स्तरीय नजूल समिति की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नजूल समिति की बैठक 25 मई को टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की गयी है। बैठक में नजूल निर्वतन निर्देशों के तहत प्राप्त भू-आवंटन प्रकरणों में कार्यवाही एवं निर्वतन किया जायेगा।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**रीवा।** जिला चिकित्सालय रीवा के रोगी कल्याण समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक 25 मई को टीएल के उपरांत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## कलेक्टर आज करेंगे टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी 25 मई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की भी विभागवार समीक्षा की जाएगी। बैठक में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311


# तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना हुई पूरी

# भीषण गर्मी का प्रकोप, 61 प्रतिशत कम हो गई गिद्धों की संख्या

### शीतकालीन गणना में मिले थे 1775, गर्मी में रह गए मात्र 691



जागरण, रीवा

शुक्रवार से शुरू हुई तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना रविवार को समाप्त हो गई। इस तीन दिवसीय गणना में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। वर्तमान में भीषण गर्मी का असर गिद्धों पर भी भारी पड़ रहा है। शीतकाल की अपेक्षा वर्तमान में मात्र 39 प्रतिशत ही गिद्ध जिले में रह गए हैं। 61 प्रतिशत गिद्धों ने रीवा छोड़ दिया।

बता दें कि तीन दिवसीय गणना में जो आंकड़े सामने आए हैं उसके अनुसार तीन दिन में कुल 691 गिद्धों की गणना की गई। जबकि शीतकालीन गणना में कुल 1775 गिद्ध मिले थे। जानकारी के मुताबिक वन विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन गणना 22 से 24 मई तक की जा गई है। रविवार को भी अंतिम दिन प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना-2026 के अंतर्गत द्वितीय चरण में ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना के पहले दिन वन अमला प्रातः 5.30 बजे से ही वन क्षेत्र में गिद्धों की पहचान एवं गणना के लिए पूर्ण सजगता एवं गंभीरता के साथ जुट गया। गणना कार्य वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार मोबाइल एप्लीकेशन और डाटा शीट के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में गिद्धों की वास्तविक संख्या एवं उनकी उपस्थिति का आकलन किया जा सके।

### इस प्रकार हुई गणना

बता दें कि पहले दिन शुक्रवार को पहले दिन 187 गिद्ध मिले थे, जिसमें सिरमौर रेंज में 70 गिद्ध, हनुमना में 43 गिद्ध, रीवा में 6 गिद्ध व सेमरिया में 68 गिद्ध मिले थे। डभौरा, अतरैला, चाकघाट, मऊगंज में जीरो संख्या गिद्धों की रही। इसी प्रकार दूसरे दिन शनिवार को हुई गणना में 243 गिद्ध मिले हैं, जिसमें डभौरा में 6, सिरमौर 71, अतरैला में 4, हनुमना 40, रीवा में 12, सेमरिया में 110 गिद्ध मिले। चाकघाट व मऊगंज में शून्य संख्या रही। तीसरे दिन रविवार को 261 गिद्ध मिले। डभौरा में 3, अतरैला में 8, सेमरिया 114, सिरमौर में 90, हनुमना में 31, मऊगंज में 30 व रीवा में 12 गिद्ध मिले। चाकघाट में एक भी गिद्ध नहीं मिलें। शीतकालीन गणना 20 से 22 फरवरी तक हुई थी, जिसमें पहले दिन 484, दूसरे दिन 622 व तीसरे दिन 669 गिद्ध मिले थे।

### 15 वर्षों में कई प्रजातियां हो गई विलुप्त

वर्ष 2000 से लेकर 2015 के बीच गिद्ध की विभिन्न प्रजातियां देश में विलुप्त हुई। इसको देखते हुए शासन ने गिद्धों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाई हैं। गिद्ध गणना वर्ष 2016 से शुरू की गई है। जिससे गिद्धों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाई जा सके। पहले हर दो साल में गिद्धों की गणना की जा रही हैए जिससे गिद्ध आवास की निगरानी की जा सके और उसके आवासों का संरक्षण हो सके। इसके बाद वर्ष 2023 तक वर्ष में एक बार फरवरी में गिद्ध गणना होती थी लेकिन वर्ष 2024 से दो चरणो में गिद्ध गणना कराई जा रही है।

*तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना पूरी हो गई है, पहले दिन 187, दूसरे दिन 243 व तीसरे दिन 261 गिद्ध मिले हैं। कुल 691 गिद्ध मिले हैं।*

**हृदयाल सिंह, नोडल अधिकारी वन मंडल रीवा।**

## महंगी होगी ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा

# अब सरकारी नहीं रहेंगे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ठेके में देने की तैयारी

### पीपीपी मोड होगा में संचालन, प्रथम चरण में जिले के दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया जायेगा निजीकरण

**जिले में एनएचएम के सरकारी अस्पतालों की स्थिति (मऊगंज सहित)**

| | |
|---|---|
| जिला अस्पताल | 01 |
| सिविल अस्पताल | 05 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र | 09 |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | 37 |
| उप स्वास्थ्य केंद्र | 320 |

**जागरण, रीवा।** प्रदेश में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा महंगी होने के आसार हैं। वजह यह कि सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व कुछ जिला अस्पतालों के संचालन का जिम्मे ठेके पर देने की तैयारी में है। चर्चा तो यह है कि टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। हालांकि अभी पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ ही अस्पतालों को ही पीपीपी मॉडल में देने का प्रस्ताव है। योजना के प्रभावी होने पर अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को दिया जा सकेगी। जानकारी अनुसार प्रदेश के 300 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पतालों का संचालन निजी हाथों में दिया जाना है जिसमें रीवा जिले(मऊगंज सहित) दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। हालांकि निजी हाथों में देने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था देना है। ताकि लोगों को इलाज के भटकना न पड़े। हालांकि सरकार पूर्व में भी सरकारी अस्पतालों को निजी हाथों में सौपने का प्रस्ताव लाया था लेकिन स्वास्थ्य कर्मचारी संगठनों व चिकित्सक संगठनों के विरोध पर योजना को टाल दिया गया था लेकिन इस बार मामला टेंडर प्रक्रिया तक पहुंचने की खबर है। कहा जा रहा है कि सरकार नीति आयोग के सुझावों के आधार पर राज्य के चुनिंदा ज़िला अस्पतालों और 300 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन तथा प्रबंधन को आउटसोर्स करने का प्रस्ताव है।

**यह है उद्देश्य :** इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे का विस्तार करना और दूरदराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाना है। इसके विपरीत सरकारी अस्पतालों और केंद्रों को निजी कंपनियों को सौंपने के इस कदम का प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य संगठनों और कर्मचारी यूनियनों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। उनका मानना है कि निजीकरण से ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए इलाज महंगा हो जाएगा।

**निःशुल्क इलाज का दावा :** विरोध पर सरकार का दावा है कि आयुष्मान कार्ड धारकों और बीपीएल परिवारों को पीपीपी मॉडल के अस्पतालों में भी मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती रहेगी।

**अधोसंरचना सरकार की, मैन पॉवर ठेकेदार का :** जानकारी अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन व पूरी अधोसंरचना व अन्य व्यवस्थाएं सरकार की जिम्मे रहेगी। ठेकेदार कर्मचारियों की उपलब्धता करेगा। इनमें डॉक्टर से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व सफाई कर्मी तक शामिल रहेंगे।

# आधी रात एजी कालेज के छात्रों का उत्पात, कई वाहनों के शीशे तोड़े

### नशे के लिए पैसा मांगने का आरोप, कई छात्र गिरफ्तार



**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एजी कॉलेज के हास्टल में रहने वाले छात्रों ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि करीब 12.30 बजे कॉलेज के सामने से गुजर रहे वाहन चालकों को रोककर उनसे पैसों की मांग की। जब पैसा देने से वाहन सवारों ने मना किया तो छात्रों ने वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। दो कार के कांच छात्रों ने तोड़ दिए जबकि कई बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। घटना के बाद पीड़ित मौके पर एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जब पुलिस पहुंची तब तक छात्र हॉस्टल के गेट में ताला लगाकर अंदर छिप गए। पुलिस पीड़ितों को अपने साथ थाना ले गई साथ ही हॉस्टल को रात में पुलिस टीम ने नजरबंद कर लिया। रविवार की सुबह पुलिस ने एजी कॉलेज के डीन को मौके पर बुलाकर हॉस्टल का ताला खुलवाया जिसके बाद मौके पर 14 छात्र मिले। इन छात्रों में 9 छात्रों को पीड़ितों ने घटना में शामिल होना पाया, जिसके बाद पुलिस ने छात्रों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को पुलिस आरोपी छात्रों को न्यायालय में पेश करेगी। बताया गया कि कार सवार राजेंद्र सिंह बैस पिता बाबूलाल बैस निवासी पड़रा सहित पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने रात को ही प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### पीड़ितों का आरोप

नशे में धुत छात्र मांग रहे थे पैसा : पीड़ित वाहनों चालकों ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक छात्रों की गैंग ने सड़क के बीच जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि नशे में चूर छात्रों ने पहले रास्ते से गुजर रहे हाइवा वाहन को रोककर चालक से शराब पीने के लिये पैसों की मांग की और पैसे ना देने पर वाहन में तोड़फोड़ करते हुये जमकर पत्थरबाजी की। छात्रों ने उपद्रव के दौरान एक नहीं, बल्कि कई अन्य वाहनों को अपना निशाना बनाते हुये कांच फोड़ दिए। देर रात हुई इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद छात्र मौके से भाग निकले और हॉस्टल में जाकर छिप गए। पुलिस ने वाहन मालिकों से घटना की जानकारी जुटाते हुये आरोपी छात्रों को चिन्हित कर कार्रवाई की है। बताया गया कि कॉलेजी छात्रों नें रास्ता रोककर पहले शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे। जब पैसे देने से मना किया तो उन्होंने वाहन में तोड़फोड़ शुरू कर दी और लाठी डंडे से कांच तोड़ने के बाद पत्थरबाजी की।

एजी कॉलेज के छात्रों ने वाहनों मे तोड़फोड़ कर कुछ लोगों से मारपीट की है। पीड़ितों की शिकायत पर तत्काल पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित कर उन्हे गिरफ्तार किया है, पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

**रितु उपाध्याय, सीएसपी रीवा**

## दो बाइकों के बीच हुई टक्कर: बालक सहित युवक घायल



### पनवार थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

**जागरण, रीवा।** पनवार थाना क्षेत्र मे बीती रात में दो बाइकों की भीषण टक्कर में एक मासूम बच्चा सहित युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सोनू कुमार कोल निवासी मुरकटा उत्तरप्रदेश बच्चे के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गया हुआ था। रात में लौटते समय दिव्यगवा गांव के पास सामने से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक में सवार सोनू कुमार और एक बच्चा बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा ले जाया गया, वही पनवार पुलिस ने दोनों बाइकों को जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग रहा आरोपी पकड़ाया

### सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी के पास की घटना



**जागरण, रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी में शिक्षिका के गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे बदमाश को आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने लूटा गया मंगलसूत्र का लॉकेट बरामद कर लिया है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह सब्जी मंडी से सब्जी लेकर प्रकाश चौराहा की ओर आ रही थी, तभी अज्ञात युवक ने उनके गले में छपट्टा मारा और मंगलसूत्र लेकर भागने लगा। वह तो उसे नहीं पकड़ पाई लेकिन शोर शराबा करने पर आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया। जिसके बाद सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी राजेश पासी खन्ना चौराहा के पास किराए के कमरे में रहता था, जो मूलतः यूपी का है। पुलिस आरोपपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई कर रही है। फिलहाल जनता के सहयोग से पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर मंगलसूत्र का लॉकेट और कुछ मोती बरामद कर महिला को वापस की है।


बी.एड. प्रवेश 2026
02.05.2026 से 30.05.2026
• नीरांचल कॉलेज, (B.Ed 1167) मनकहरी रीवा (म.प्र.)
• श्रीराम कॉलेज (B.Ed 2256) परसिया, जिला मैहर (म.प्र.)
• गुरूकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, (B.Ed 2233) अमरपाटन, जिला मैहर (म.प्र.)
• श्रीराम कॉलेज (Bed- 1085) रैरा जिला रीवा (म.प्र.)
• माँ अष्टभुजा कॉलेज ऑफ एजुकेशन (B.Ed-1039) मऊगंज (म.प्र.)
• एक्सीलेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन (B.Ed-1019) महसुआ रायपुर कर्चु., रीवा (म.प्र.)
संपर्क : 9424337730, 6261666812, 7000177901
प्रयागराज काम्पलेक्स
सिंचाई विभाग के सामने बजरंग नगर गेट के सामने, रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
NCVT & DGET भारत सरकार से मान्यता प्राप्त
सतपुड़ा I.T.I.
'हुनर से रोजगार तक हम आपके साथ हैं'
ELECTRICIAN 2 YEARS
FITTER 2 YEARS
COPA 1 YEARS
प्रवेश प्रारंभ सत्र- 2026-27
ST/SC/OBC के छात्रों को शासन द्वारा छात्रवृत्ति की सुविधा
Eligibility 10th Pass
प्रवेश हेतु संपर्क करें पता- बारंयाकला सीधी रोड, मऊगंज (म.प्र.)
मो.:- 7000558230,6262604132,7999190729

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एम्ब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

रीवा में
प्रत्येक माह के अंतिम रविवार बंसल हॉस्पिटल, भोपाल द्वारा
डायबिटीज, थायराइड, हार्मोन डिसऑर्डर लिवर, पैंक्रियाज, गॉलब्लैडर पाचन तंत्र के कैंसर एवं लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी
डॉ. शैलेष बंसीवाल
एमबीबीएस, एमडी, डीएम (एंडोक्रिनोलॉजी) एंडोक्रिनोलोजिस्ट
आप निम्नलिखित किसी भी समस्या से ग्रसित हैं तो शीघ्र परामर्श लें
• मोटापा / दुबलापन • बच्चों में छोटा कद ग्रोथ हार्मोन की कमी • ब्लड प्रेशर कम या ज्यादा होना • ओस्टियोपोरोसिस (कमजोर हड्डिया) • गुर्दे की पथरी (हाइपरकैल्सीमिया संबंधित) • मासिक धर्म में अनियमितता • निःसंतान (इनफर्टिलिटी) हार्मोन की कमी या अधिकता • गैलेक्टोरिया (स्तन से सफेद पदार्थ का स्त्राव होना) • गर्भावस्था के समय होने वाले डायबिटीज एवं थायराइड • पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन की कमी नपुंसकता • पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (PCOD)
डॉ. कृपा शंकर तिवारी
एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी (सर्जिकल गैस्ट्रो) कंसल्टेंट एचपीबी, जीआई सर्जरी, जीआई ऑन्कोलॉजी, बेरियाट्रिक सर्जरी, लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन
आप निम्नलिखित किसी भी समस्या से ग्रसित हैं तो शीघ्र परामर्श लें
• लिवर, पैंक्रियास, गॉलब्लैडर और पित्त की नली से जुड़ी सर्जरी • लिवर ट्रांसप्लांट • GERD (एसिड- अम्ल), हायटस हर्निया की सर्जरी • कैंसर से जुड़ी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी • मोटापा कम करने की सर्जरी (बेरियाट्रिक सर्जरी) • पेट के हर्निया की सर्जरी • लेजर द्वारा पाइल्स / फिस्टुला की सर्जरी • लैप्रोस्कोपी /दूरबीन पद्धति से सर्जरी • पोषण परामर्श
भाग्यवती मेडिकल स्टोर
समान तिराहा न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9201458535

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY
PCI APPROVED/9649
APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)
B.Pharma
D.Pharma
REGISTRATION OPEN Session 2026-27
6262084843, 9183484843
Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)

SUDHA COLLEGE OF PHARMACY
Approved By: PCI New Delhi and Affiliated to RGPV Bhopal (M.P.)
B.Pharma 4- Years Course 60 Seats
D.Pharma 2- Years Course 60 Seats
Admission Fees Free
REGISTRATION OPEN Session : 2026-27
Eligibility : 12th Passed (Math/Biology)
Note: Scholarship is also available for eligible candidate
For Admission and Query
Call US: 9993204854, 9425818399
Add.: Sagra Gagahara Road Rewa (M.P.)
Email: sudhacollegeofpharmacy@gmail.com

SATYA ACADEMY H.S. SCHOOL
Class : 11th & 12th Bio, Maths & Commerce
Session 2026-27
ADMISSION OPEN
Nursery to 11th
REQUIREMENT
TGT- English & Science
Music Teacher
Regular abacus classes
University Road Bypass Ratahara, Rewa, (M.P.)
9425999434 8827499434
satyaacademyrewamp@gmail.com
satyaacademyrewa.in



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com